**पाठक एवं एजैंट नोट करें**

पंजाब केसरी, जग बाणी एवं हिन्द समाचार में विज्ञापन एवं सर्कुलेशन संबंधी पूछताछ एवं किसी समस्या के बारे निम्नलिखित नम्बर पर सम्पर्क करें :
0181-2212121
ई-मेल : jagbani@pkesari.in

# चंडीगढ़ केसरी

मंगलवार TUESDAY, 2 जून 2026

CHANDIGARH KESARI


**एयर क्वालिटी इंडैक्स**

| | | |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 71 | अच्छा |
| पंचकूला | 69 | अच्छा |
| मोहाली | 104 | खराब |

**तापमान**
अधिकतम 36.0
न्यूनतम 22.8

आज का तापमान लगभग 37 डिग्री रह सकता है।

सूर्योदय 5.22 | सूर्यास्त 7.20 बारिश होने की संभावना।

## ए.क्यू.आई. सुधरा, चंडीगढ़ से दिखे पहाड़




**गत** दिन झमाझम बारिश के बाद अब तक मौसम सुहावना बना हुआ है। पहली जून को चंडीगढ़ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (ए.क्यू.आई.) अलग-अलग मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म पर 38 से 71 के बीच दर्ज किया गया, जो 'गुड' से 'मॉडरेट' श्रेणी में आता है। कई मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अपेक्षाकृत साफ रही और प्रदूषण का स्तर कम दर्ज किया गया। अच्छे ए.क्यू.आई. और साफ हवा के कारण ही चंडीगढ़ से लगभग 60 किलोमीटर दूर कसौली, हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां साफ नजर आने लगी हैं।(परमजीत)

# अधिकतम तापमान पहुंचा 36 डिग्री, कल से आंधी-बारिश की संभावना

चंडीगढ़, 1 जून (पाल): ट्राईसिटी में सोमवार को मौसम शुष्क रहा और पूरा दिन धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

गत दिनों बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब मौसम धीरे-धीरे फिर गर्म होने लगा है। हालांकि तापमान अभी भी सामान्य से नीचे बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार चंडीगढ़ का अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है।

24 घंटों के दौरान शहर में कोई बारिश दर्ज नहीं की गई। हवा में नमी का स्तर भी अपेक्षाकृत अधिक बना हुआ है। अधिकतम सापेक्ष आर्द्रता 83 प्रतिशत और न्यूनतम 36 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम साफ रहने के कारण दिन के समय गर्मी महसूस हुई, जबकि सुबह और देर शाम मौसम ज्यादा गर्म नहीं रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। ट्राईसिटी में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सैल्सियस के बीच बना रह सकता है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमीय गतिविधियों के कारण बीच-बीच में बादल छाने, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है।

विभाग ने 3 से 5 जून के बीच पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इन गतिविधियों के कारण तापमान में बड़ी बढ़ोतरी की संभावना फिलहाल नहीं है।

**5 दिन ऐसा रहेगा मौसम**

मंगलवार को अधिकतम 37 और न्यूनतम 25 डिग्री। आंशिक बादल, गरज-चमक की संभावना रहेगी।

बुधवार को अधिकतम 38 और न्यूनतम 23 डिग्री। बादल और गरज-चमक के आसार बन रहे हैं।

वीरवार को अधिकतम 37 और न्यूनतम 25 डिग्री रहेगा। आंधी, बिजली चमकने और तेज हवाओं की संभावना।

**3 दिन का अलर्ट**

3 जून: पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ इलाकों में गरज-चमक और 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

4 जून: कई जगह आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाओं का अनुमान।

5 जून: गरज-चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना।

**659 कर्मचारियों को मिला बड़ा राहत पैकेज, तकनीकी कैडर पुनर्गठन पी.जी.आई. ने किया लागू**

# तीन दशक पुरानी तकनीकी कैडर की उलझन सुलझी, 1120 पदोन्नतियों का रास्ता साफ

चंडीगढ़ 1 जून (पाल): पी.जी.आई. में करीब तीन दशक से लंबित तकनीकी कर्मचारियों के कैडर पुनर्गठन का मामला आखिरकार सुलझ गया है।

संस्थान ने लैबोरेटरी, एक्स-रे और रेडियोथैरेपी तकनीकी कैडरों के पुनर्गठन और पदोन्नति प्रक्रिया को पूरा करते हुए 30 साल पुराने विवाद का समाधान कर दिया है। इस फैसले से करीब 659 कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा और लगभग 1120 पदोन्नतियों का रास्ता साफ हुआ है।

पी.जी.आई. प्रशासन के अनुसार तकनीकी कैडरों के पुनर्गठन को लेकर वर्ष 1992 से मामला लंबित था। संस्थान की गवर्निंग बॉडी और इंस्टीट्यूट बॉडी की मंजूरी के बाद इस दिशा में काम तेज किया गया। जुलाई, 2025 में निदेशक प्रो. विवेक लाल ने विशेष सैल का गठन किया, ताकि वर्षों से लंबित इस प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। विशेष सैल ने मार्च, 1992 से दिसम्बर, 2024 तक के रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान वरिष्ठता सूची, सेवा रिकॉर्ड, पात्रता शर्तें, भर्ती नियम और पुराने पदोन्नति रिकॉर्ड का विस्तृत अध्ययन किया गया। कई पुराने दस्तावेज बिखरे हुए थे और उन्हें अलग-अलग विभागों से जुटाकर दोबारा तैयार करना पड़ा।



**लैबोरेटरी तकनीकी कैडर में सबसे बड़ा काम**

सबसे बड़ा काम लैबोरेटरी तकनीकी कैडर में हुआ। यहां करीब 520 कर्मियों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई और लगभग 899 पदोन्नतियां प्रोसेस की गईं। इसके लिए 104 डी.पी.सी. मैमोरैंडम तैयार किए गए। एक्स-रे कैडर में करीब 111 कर्मचारियों के लिए 64 डी.पी.सी. मैमोरैंडम के जरिए लगभग 173 पदोन्नतियां प्रोसेस की गईं। इनमें सीनियर टैक्नीशियन, टैक्निकल असिस्टैंट, टैक्निकल ऑफिसर और सीनियर टैक्निकल ऑफिसर जैसे पद शामिल रहे। रेडियोथैरेपी कैडर में भी 28 कर्मचारियों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई और 25 डी.पी.सी. मैमोरैंडम के माध्यम से लगभग 48 पदोन्नतियां प्रोसैस की गईं।

**प्रो. प्रभाकर की अध्यक्षता में बनी थी कमेटी**

पी.जी.आई. के अनुसार, प्रोफेसर एस. प्रभाकर की अध्यक्षता वाली संस्थान की कैडर विसंगति समिति की सिफारिशों पर 4 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यालय आदेश के माध्यम से पुनर्गठन को मंजूरी दी गई थी। यह पुनर्गठन पी.जी.आई. कर्मचारियों की अन्य श्रेणियों के लिए अपनाई गई कार्यान्वयन तिथि के अनुरूप, 1 मार्च, 1992 से पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया गया है। इस प्रस्ताव को संस्थान के शासी निकाय से फरवरी, 2025 में और संस्थान निकाय से मई, 2025 में स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

**फैक्ट बॉक्स**

- 30 साल पुराना मामला हल। 659 कर्मचारियों को मिलेगा लाभ।
- लगभग 1120 पदोन्नतियां प्रोसेस होंगी।
- 193 डी.पी.सी. मैमोरैंडम तैयार किए गए।
- लैब कैडर में 899 पदोन्नतियां।
- एक्स-रे कैडर में 173 पदोन्नतियां
- रेडियोथैरेपी कैडर में 48 पदोन्नतियां।
- मार्च, 1992 से लेकर दिसम्बर, 2024 तक के रिकॉर्ड की जांच की।

**'यह संस्थान के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि'**

निदेशक प्रो. विवेक लाल ने उपलब्धि को संस्थान के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि



तकनीकी कैडर का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि कर्मचारियों की गरिमा, पहचान और पेशेवर विकास से जुड़ा विषय था। संस्थान निष्पक्षता, पारदर्शिता और कर्मचारी हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

उन्होंने विशेष सैल, डी.पी.सी. समिति और विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों की सराहना की। टीम ने दिन-रात मेहनत कर वर्षों पुरानी जटिल प्रक्रिया को पूरा किया। बिखरे हुए रिकॉर्ड जुटाने, उनकी जांच करने और पूरे डेटा को दोबारा तैयार करने का काम बेहद चुनौतीपूर्ण था पी.जी.आई. प्रशासन के अनुसार इस पूरी प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन से तकनीकी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। साथ ही संस्थान में सेवा मामलों के निपटारे और प्रशासनिक सुधारों को भी नई दिशा मिलेगी।

## ठेके के बाहर डंडे मारने का वीडियो वायरल, चौकी इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी

पंचकूला, 1 जून (मुकेश): पंचकूला सैक्टर-17 स्थित शराब ठेके के बाहर अंडे की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति के साथ कथित मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

वीडियो में सैक्टर-16 पुलिस चौकी इंचार्ज भीम सिंह और उनकी टीम रेहड़ी का सामान हटाते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस दौरान चौकी इंचार्ज ने रेहड़ी संचालक दिनेश कुमार और अन्य व्यक्ति के साथ डंडों से मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। घटना सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद होने का दावा किया जा रहा है।

मामले में डी.सी.पी. सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि रेहड़ी के आसपास खुले में शराब पी जाती है, जिससे महिलाओं और राहगीरों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि रेहड़ी हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन किसी व्यक्ति के साथ मारपीट करना या सामान फैंकना उचित नहीं है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी इंचार्ज भीम सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# जे.ई.ई.: शहर के टॉपर यजत का ए.आई.आर. 21

| लक्ष्य | अभिभावक | शौक |
|---|---|---|
| निरंतर सीखना और खुश रहना है। स्वयं अध्ययन का समय 8 घंटे प्रतिदिन रहा। | आर.एस.डब्ल्यू.एम. इंडस्ट्री में पिता और माता आई.ई.एल.टी. प्रशिक्षक हैं। | पहेलियां सुलझाना, रूबिक क्यूब, जटिल गणितीय समस्याओं को हल करना है। |




*जे.ई.ई. एडवांस्ड में ए.आई. आर. 21 हासिल करने वाले यजत सिंघल अपने माता-पिता के साथ खुशी मनाते हुए।*

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष): इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जे.ई.ई. एडवांस्ड के नतीजों में ट्राईसिटी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

यजत सिंघल ने ऑल इंडिया रैंक (ए.आई. आर.) 21 हासिल कर हरियाणा और ट्राईसिटी में टॉप किया है। वहीं, आरुष सिंघल ने ए.आई. आर. 45 के साथ चंडीगढ़ में पहला स्थान हासिल किया है।

जे.ई.ई. एडवांस्ड के नतीजों ने फिर साबित कर दिया है कि ट्राइसिटी के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। इन युवाओं की सफलता आने वाले वर्षों में हजारों छात्रों को प्रेरित करेगी कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**प्रारंभिक शिक्षा औसत, उम्र के साथ गणित में रुचि विकसित हुई**

यजत की प्रारंभिक शिक्षा के दौरान पढ़ाई औसत दर्जे की रही। बड़े होने के साथ-साथ गणित में रुचि विकसित हुई। बड़ों का आदर और विनम्र स्वभाव के साथ-साथ, सोच-समझकर अपनी राय रखते हैं। अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त करने में सक्षम हैं। जे.ई.ई. मेन में 100 और एडवांस में 21वां आल इंडिया रैंक हासिल किया है। पढ़ाई के लिए रणनीति के तहत केंद्रित अध्ययन, विषय का आनंद लेना, रटने की बजाय अवधारणाओं को समझने पर अधिक भरोसा करना और अपने गुरुओं के मार्गदर्शन का पूर्ण सम्मान और विश्वास किया।

# 37.63 लाख में बिका सी.एच. 01डी.ई. 0003, 4 करोड़ राजस्व हासिल किया

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय): पंजीकरण एवं लाइसैंसिंग प्राधिकरण ने सोमवार को नई सीरीज सी.एच.01डी.ई. की ई-नीलामी की गई जिसमे केवल तीन दिनों में करोड़ों रुपये की बोली लगी और प्रशासन को 4 करोड़ 13 लाख 71 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।




प्राधिकरण की ओर से नई सीरीज सी.एच.01डी.ई. के पंजीकरण नंबरों, जिनमें फैंसी और चॉइस नंबर 0001 से 9999 तक शामिल थे, की ई-नीलामी 30 मई से 1 जून तक आयोजित की गई। साथ ही पिछली सीरीज के बचे नंबरों को भी शामिल किया गया।

ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई ताकि लोग घर बैठे ही अपनी पसंद के नंबर के लिए बोली लगा सकें। ई-नीलामी में कुल 683 वाहन पंजीकरण नंबरों की सफल बोली लगी। 'सी.एच.01डी.ई.-0003' नंबर को लेकर सबसे अधिक चर्चा रही। यह नंबर 37 लाख 63 हजार रुपए की रिकॉर्ड बोली में बिका। इसके अलावा '0001' नंबर 23 लाख 55 हजार में दूसरा सबसे महंगा नंबर बना।

प्रशासन का कहना है कि पूरी नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की गई। ऑनलाइन सिस्टम के जरिए बोली प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला ट्राईसिटी क्षेत्र में लग्जरी वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ फैंसी नंबरों की मांग भी लगातार बढ़ रही है। खासकर 0001, 0003, 0007, 9999 और अन्य विशेष अंकों वाले नंबरों के लिए हर बार कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। प्रशासनिक के मुताबिक, अगली नीलामी में भी ऐसी भारी भागीदारी देखने को मिल सकती है।

**नीट न हो 'रिपीट'**




*चंडीगढ़ में नैशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टैस्ट (नीट) और अन्य परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों, पेपर लीक और नैशनल टैस्टिंग एजैंसी (एन.टी.ए.) की कार्यप्रणाली के विरोध में छात्रों और एन.एस.यू.आई. ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एजैंसी को बैन करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।* (परमजीत)

# 3 से 6 जून के बीच रेलवे स्टेशन, निगम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय): शहर में बम से उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल मिलने का सिलसिल थमने का नाम नहीं ले रहा है।

ताजा घटनाक्रम में 3 से 6 जून के बीच चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन, नगर निगम कार्यालय और जिला न्यायालयों को सिलसिलेवार विस्फोटों से निशाना बनाने की धमकी दी गई है।

खालिस्तान नैशनल आर्मी द्वारा भेजे गए पत्र में विवादित संदेश थे। 'न हिंदू, न हिंदुस्तान... दिल्ली, हरियाणा, पंजाब बनेगा खालिस्तान। 3-5 जून को नगर निगम कार्यालयों, महापौर कार्यालयों, जिला न्यायालयों में बम विस्फोट, आईईडी और ग्रेनेड हमले। 6 जून को रेलवे स्टेशनों और पटरियों पर आईईडी ग्रेनेड हमले।'

**मेयर जोशी की कड़ी प्रतिक्रिया**

**कहा-ऐसी कायराना धमकियां मेरे संकल्प को कमजोर नहीं कर सकतीं**

चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ऐसी कायराना धमकियां उन्हें न तो भयभीत कर सकती हैं और न ही उनके कर्तव्यों से



विमुख कर सकती हैं। मेयर ने कहा, 'मुझे धमकियों की कोई परवाह नहीं है। मैंने हमेशा चंडीगढ़ के लोगों के लिए काम किया है और आगे भी उसी प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहूंगा। ऐसी कायराना धमकियां मेरे संकल्प को कमजोर नहीं कर सकतीं।' उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस और संबंधित सुरक्षा एजैंसियों से गहन जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध किया है। सुरक्षा एजैंसियों को तह तक जाकर जिम्मेदार लोगों की पहचान करनी चाहिए।

**एक्शन मोड** | समय सीमा बार-बार बढ़ने के चलते अथॉरिटी अब ठेकेदार पर लगा सकती है जुर्माना

# वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण अक्तूबर तक होगा पूरा

चंडीगढ़, 1 जून (लल्लन यादव): वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन चंडीगढ़ का पुनर्निर्माण कार्य अप्रैल, 2024 में पूरा होना था, लेकिन ठेकेदार की तरफ से डेडलाइन बार-बार चूकने के बाद इंतजार बढ़ता जा रहा है पर स्टेशन का नया चेहरा आखिरकार दिखने लगा है। मॉडर्न बाहरी हिस्सा, बड़ा हॉल और बेहतर पैसेंजर सुविधाएं अब उस चीज की झलक दिखाती है, जिसे उत्तर भारत के सबसे आधुनिक रेलवे स्टेशनों में से एक बताया जा रहा है। हालांकि प्रोग्रैस के बावजूद यह पुनर्निर्माण कार्य एक बार फिर अपनी डेडलाइन चूक गया है और अब इसके अक्तूबर, 2026 तक पूरी तरह तैयार होने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि ठेकेदार की तरफ से पहले जुलाई, 2026 तक का समय मांगा गया था, लेकिन अब इसको बढ़ाकर अक्तूबर, 2026 तक करना चाहता है। इसके साथ ही अधिकारियों ने कहा कि पुनर्निर्माण कार्य में देरी होने होने से ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

**अधिकारियों का दावा, 90 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा**




रेल लैंड डेवलपमैंट अथॉरिटी (आर.एल.डी.ए.) द्वारा तैयार किया जा रहा यह प्रोजैक्ट पहले ही कई टाइमलाइन पार कर चुका है। अकेले 2025 में अप्रैल, सितंबर और दिसंबर के लिए तय डेडलाइन चूक गईं। पहले के अनुमानों में भी 2024 और उससे भी पहले के फेज में पूरा होने का वादा किया गया था। हालांकि पूरा काम अभी कुछ दूर है, लेकिन यात्रियों को इसके फायदे दिखने लगे हैं, सबसे खास विशेषता यह कि बड़ा कॉनकोर्स यात्रियों के आने-जाने के लिए चालू कर दिया गया है। यात्री अब प्लेटफॉर्म 2, 3, 4, 5, और 6 तक जाने के लिए कॉनकोर्स का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे कंस्ट्रक्शन के दौरान स्टेशन पर आना-जाना काफी आसान हो गया है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कॉनकोर्स के अंदर रेस्टोरैंट, खाने-पीने की दुकानें और रिटेल दुकानें आने वाले महीनों में धीरे-धीरे खोली जाएंगी, वहीं आर.एल.डी.ए. के अधिकारियों का कहना है कि 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

**6 बार बढ़ी डेडलाइन**

**निर्माण कार्य के चलते बार-बार दिक्कतों से यात्री निराश**

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य शुरू में 2022 में पूरा होने वाला था, लेकिन, कोविड-19 महामारी, लेबर की कमी, सप्लाई चेन में रुकावट और सिविल कामों के धीमे की वजह से इसमें बड़ी देरी हुई। जिसके बाद डेडलाइन 2023 के बीच दिसंबर, 2024, अप्रैल, 2025, सितंबर, 2025, दिसंबर, 2025, मार्च, 2026 और जुलाई 2026 बताई गई। अधिकारियों ने कहा कि स्ट्रक्चरल काम काफी हद तक पूरा हो चुका है, लेकिन फिनिशिंग, इंटीरियर और पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर को हटाने की वजह से बार-बार टाइमलाइन आगे बढ़ रही है। रेगुलर आने-जाने वाले यात्रियों ने लंबे कंस्ट्रक्शन और बार-बार होने वाली दिक्कतों पर निराशा जताई है।

# ढकोली में 4 दिन में 5 कुत्तों की मौत, जांच के लिए लैब भेजे सैम्पल, पुलिस को शिकायत

जीरकपुर, 1 जून (अश्वनी): ढकोली में बेजुबान जानवरों को जहर देकर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है।

पशु प्रेमी और संस्थाओं ने रैस्क्यू आप्रेशन चलाया, लेकिन कुत्ते को बचाने में सफल नहीं रहे। एक के बाद एक 4 से 5 कुत्तों की मौत का पता चलने के बाद संस्था ने रोष जताया और शिकायत पुलिस थाने में दर्ज करवाकर कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि बीते दिनों लोहगढ़ में पिल्लों को जहर वाला लड्डू खिलाकर उनको मौत के घाट उतारने का मामला चर्चा में आया था, जिसमें डॉग लवर्स ने हिम्मत जुटाते हुए कुछ पिल्लों को तो इलाज देकर बचा लिया। लेकिन अधिकतर पिल्ले की मौत हो गई थी।

दरअसल मामला ढकोली से जुड़ा है। 3 से 4 दिनों से कोई व्यक्ति कुत्तों को खाने वाली चीज में जहर मिलाकर दे जाता है। जब कुत्ता मर जाता है तो अलग-अलग जगहों पर फैंक दिया जाता है। अब तक 4 से 5 कुत्ते अपनी जान तक गंवा चुके हैं।

दूसरी ओर, एक के बाद एक कुत्ते की मौत की सूचना रघुनंदन जीव रक्षा दल को मिली। उनकी टीम सोमवार को ढकोली पहुंची और मृत कुत्तों की डाक्टरी जांच करवाई।

संस्था को लोगों ने बताया कि 3 से 4 दिन से रोज एक कुत्ता कमजोर हो जाता है और कुछ समय के बाद मौत हो जाती है। ये पता चलने के बाद संस्था के सदस्यों ने डाक्टरों से पोस्टमार्टम करवाकर सैंपल जांच के लिए लैब भिजवा दिए।

जीव रक्षा दल के सदस्यों ने मिलकर ढकोली पुलिस थाने में लिखित शिकायत दी। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि ऐसे लोगों खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



*ढकोली में मृत कुत्ते को दफनाते हुए संस्था के सदस्य।*

मामले की शिकायत मिलने के बाद उनकी ओर से जांच शुरू कर दी गई है और उन जगहों के सी.सी.टी.वी. खंगाला जा रहा है, जहां कुत्तों को जहर वाली चीज परोसी गई।

–सतनाम सिंह, इंचार्ज, ढकोली पुलिस थाना।

# 'दूसरों से तुलना करने की बजाय हर दिन बेहतर होने पर ध्यान दें'

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष): अर्नव गांधी ने बताया कि चंडीगढ़, 1 जून (आशीष): जे.ई.ई. एडवांस्ड-2026 के परिणामों में शहर कई छात्रों ने सफलता हासिल की है। परिणाम में शहर के छात्र अर्नव गांधी ए.आई.आर. 36, आरुष सिंघल ए.आई.आर. 45, आदित्य गुप्ता ए.आई.आर. 81, सिदाक गुलाटी ए.आई.आर. 108 और अक्षत गुप्ता ने ए.आई.आर. 354 रैंक हासिल करने में कामयाब हुए हैं।

परिणा के बाद 36वां रैंक हासिल करने के बाद अर्नव गांधी ने बताया कि सफलता हासिल करने के लिए रोजाना आठ से 10 घंटे स्टडी की। सभी चैप्टर अच्छे से पढ़े और उनका बार बार रिवीजन किया। 100 से भी ज्यादा माक टैस्ट दिए। वीक सब्जैक्ट के बारे में शिक्षकों से बात की और




कान्सैप्ट में सुधार किया।

**माता-पिता :** पिता डॉ. प्रेमदीप गांधी और मां डॉ. शिखा गांधी दोनों डैंटल डाक्टर है।

**शोक :** शौक क्रिकेट और टेबल टेनिस खेलना, वेब सीरीज और कॉमेडी शो देखना है। रणनीति के तहत अवधारणाओं की स्पष्टता और नियमित अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया। मॉक टैस्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रत्येक टैस्ट को गंभीरता से लिया और अपनी गलतियों का गहन विश्लेषण किया। तैयारी के दौरान शांत मन बनाए रखना बहुत फायदेमंद साबित हुआ। लक्ष्य कम्प्यूटर साइंस आई.आई.टी. बॉम्बे से पढ़ाई करना है। स्वयं अध्ययन के घंटे प्रतिदिन 6 से 8 घंटे रहे।

**संदेश :** भविष्य के उम्मीदवारों के लिए संदेश है कि निरंतर प्रयास करते रहें। दूसरों से अपनी तुलना कम करें और हर दिन बेहतर होने पर ध्यान दें। सफलता का मंत्र पूर्णता पर नहीं, सुधार पर ध्यान दें। छोटी-छोटी दैनिक प्रगति बड़े परिणाम देती है। अर्नव ने टैस्ट विश्लेषण और गलतियों से सीखने पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट सीखने और बेहतर बनने का एक अवसर था।




संस्थान के छात्र सफल होने पर केक काटते हुए। (परमजीत)

## अक्षत गुप्ता ने हासिल किया 354वां रैंक

सैक्टर 8बी के रहने वाले अक्षत गुप्ता ने जे.ई.ई. एडवांस में 354 रैंक प्राप्त किया है। अक्षत के पिता पुनीत गुप्ता पेशे से वकील हैं और माता प्रो डॉ. शिप्रा गुप्ता पी.यू. में पढ़ाते हैं। अक्षत ने 12वीं नॉन-मैडिकल में 97.4प्रतिश्ता अंक हासिल किए थे।

**पढ़ाई और भविष्य :** अक्षत ने बताया कि वह जे.ई.ई. एडवांस के लिए 7 से 8 घंटे की पढ़ाई की। फिजिक्स विषय में ज्यादा दिलचस्पी रही है। इसके इलावा मुझे आउटडोर गेम्स खेलना , संगीत सुनना, गिटार बजाना और फिक्शन और नॉन फिक्शन किताबें पढने का शौंक है। भविष्य में आई.आई.टी. मुंबई में पढ़ाई करना चाहता हूं।

एलन ट्राईसिटी के वाइस प्रैजीडैंट जोनल हैड नॉर्थ एवं सैंटर हैड सदानंद वानी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और एलन की फैकल्टी टीम की प्रतिबद्धता का परिणाम है। श्री चैतन्य नॉर्थ के अकादमिक निदेशक मृणाल ने कहा कि उपलब्धियां वर्षों की मेहनत, अनुशासन और दृढ़ता का परिणाम हैं। हमारे छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से असाधारण लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

## निरंतर मेहनत से ही मिली सफलता : आरुष सिंघल

आरुष सिंघल ने ए.आई.आर. 45 प्राप्त कर गौरव हासिल किया। उनकी प्रभावशाली शैक्षणिक




उपलब्धियों में आई.एन.एम.ओ., आई.एन.पी.एच.ओ., आई.एन.सी.एच.ओ. और आई.एन.ए.ओ. में सफलता तथा प्रतिष्ठित ओ.सी.एस.सी. कैंपों में भागीदारी शामिल है। आरुष अपनी सफलता का श्रेय अवधारणाओं की स्पष्ट समझ, अनुशासित तैयारी और दीर्घकालिक निरंतरता को देते हैं। उन्होंने कहा कि अवधारणाओं को समझना और लंबे समय तक निरंतर मेहनत करना ही सफलता का मुख्य कारण रहा। माता-पिता ने इस उपलब्धि को वर्षों की एकाग्रता, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। रणनीति के तहत पूरे दिन बैठकर पढ़ाई करने की बजाय, छोटे-छोटे अंतरालों में पढ़ाई करता हूं लेकिन पढ़ाई का वह अंतराल काफी गहन होना चाहिए।

लक्ष्य : आरुष सिंघल का लक्ष्य आई.आई.टी. मुम्बई से कम्प्यूटर साइंस में प्रवेश पाना। कक्षाओं और चर्चाओं के साथ लगभग 6 से 8 घंटे का स्व-अध्ययन प्रतिदिन रहा। पिता नकुल सिंघल सॉफ्टवेयर इंजीनियर,माता मालती सिंघल गृहिणी है। शौक बास्केटबॉल खेलना, वीडियो गेम खेलना, टीवी/फिल्म देखना, पढ़ना है।

## अगले दिन का स्टडी प्लान तैयार कर सोता था और उसे पूरा करना था : आदित्य




आदित्य गुप्ता का ऑल इंडिया 81वां रैंक है। पिता डॉ. सौरभ गुप्ता एम.डी. रेडियोलॉजिस्ट, माता अलका गुप्ता पैथोलॉजिस्ट है। सफलता का मंत्र कड़ी मेहनत, नियमितता, समर्पण। अध्ययन रणनीति के तहत कोचिंग की नियमितता का पालन करना।

**लक्ष्य और शौक :** लक्ष्य और आकांक्षाएं अच्छे आई.आई.टी. में अध्ययन करना, शौक शतरंज, बैडमिंटन, टैनिस है। परीक्षा में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत की। अगले दिन का स्टडी प्लान तैयार कर सोता था और उसे पूरा करना था। जे.ई.ई. की तैयारी करने वाले छात्रों से कहना चाहूंगा कि वे अभिभावक और शिक्षकों की बात सुनकर स्टडी करें और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें। वीक सब्जेक्ट के बारे में शिक्षक से बात की और कान्सेप्ट में सुधार किया।

## मेहनत के बल पर इन छात्रों ने भी परचम लहराया

एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ के छात्र आर्यन ने जे.ई.ई. एडवांस्ड में ए.आई.आर. 186 प्राप्त किया। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की ओलिम्पियाड परीक्षाओं आई.एन.एम.ओ., आई.एन.ए.ओ., भारतीय राष्ट्रीय रसायन विज्ञन ओलिम्पियाड और भारतीय राष्ट्रीय भौतिकी ओलिम्पियाड के लिए भी क्वालीफाई किया। इसके साथ ही उन्होंने कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**ए.आई.आर. 204 :** अंशवीर सिंह ढिल्लों ने ए.आई.आर. 204 प्राप्त की और भौतिकी विषय के लिए ओ.सी.एस.सी. में चयनित हुए। उन्होंने कक्षा 12वीं में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**ए.आई.आर. 241 :** विशांत गुप्ता ने ए.आई.आर. 241 हासिल की और भारतीय राष्ट्रीय रसायन विज्ञन ओलिम्पियाड के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

**ए.आई.आर. 265 :** भरत बंसल ने ए.आई.आर. 265 प्राप्त की और भारतीय राष्ट्रीय रसायन विज्ञन ओलिम्पियाड तथा भारतीय राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड दोनों के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने कक्षा 12वीं में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

**ए.आई.आर. 463 :** अतिशय जैन ने जे.ई.ई. एडवांस्ड में ए.आई.आर. 463 प्राप्त की और भारतीय राष्ट्रीय भौतिकी ओलिम्पियाड के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने कक्षा 12वीं में 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

# पी.यू. : इवनिंग विभाग के लिए आवेदन प्रक्रिया 3 जून से ऑनलाइन होगी शुरू

## अन्य कोर्सों में दाखिले के लिए भी शैड्यूल तैयार

चंडीगढ़,1 जून (रश्मि हंस) : पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) के ईवनिंग विभाग में करवाई जाने वाली एडमिशन प्रक्रिया 3 जून से ऑनलाइन शुरू होगी। इस दौरान स्टूडैंट ईवनिंग विभाग में बी.कॉम., बी.ए. व एम.ए. इक्नोमिक्स, पॉलीटिकल सांइस, पंजाबी, हिस्ट्री व इंगिलश विभाग में दाखिला ले सकते हैं। विभाग में बी.कॉम. के लिए हर वर्ष सीटों से 10 गुना ज्यादा आवेदन पहुंचते हैं। स्टूडैंट पी.यू. की वैबसाइट यूजीएडमिशनस.पीयू.सीएडी.एसी.इन पर लॉगइन कर सकते हैं। वहीं ईवनिंग विभाग में अन्य कोर्सों की तरह बी.कॉम. की सीटों पर पी.यू. प्रबंधन अपने स्तर पर ही एडमिशन देता है। जिन स्टूडैंट के शहर के कॉलेजों में बी.कॉम. में एडमिसन नहीं मिल पाता, वे भी विभाग में एडमिसन के लिए आवेदन करते हैं। विभाग में बी.कॉम. की 70 सीटों के लिए एक हजार से ज्यादा आवेदन फार्म पहुंचते है जो दस गुना से भी ज्यादा हैं।



| विषय | सीटें |
|---|---|
| बी.कॉम. | 70 |
| बी.ए. | 200 |
| एम.ए. इक्नोमिक्स | 68 |
| एम.ए. इंगिलश | 68 |
| एम.ए. हिस्ट्री | 40 |
| एम.ए. पॉलीटिकल साइंस | 68 |
| एम.ए. पंजाबी | 40 |

### एक कोर्स की फीस 300 रुपए

स्टूडैंट जो एक कोर्स के लिए अवेदन करते हैं, उनके लिए फीस 300 और जो चार कोर्सों के लिए आवेदन करते हैं, उनके लिए करीबन 600 फीस रखी गई है। वहीं, शहर के अन्य कालेजों में बी.कॉम. व अन्य कोर्सों में चंडीगढ़ प्रशासन की हॉयर एजुकेशन की ओर से दाखिला दिया जाता है, जबकि पी.यू. बी.कॉम. व अन्य कोर्सों में अपने स्तर पर दाखिला देता है। पी.जी. कोर्सों के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 जून से शुरू होगी। वहीं, जिन स्टूडैंट ने एंट्रैंस टैस्ट दे दिया है, वे 1 जुलाई से 21 जुलाई के बीच विभिन्न कोर्सों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### वर्ष-2025 में 1200 और 2023 में 1119 स्टूडैंट ने किया था आवेदन

पी.यू में सत्र 2023 में कुल 1119 स्टूडैंट और वर्ष-2025 में 1200 स्टूडैंट ने आवेदन किया था। पी.यू. के ईवनिंग विभाग में बी.कॉम. के अलावा बी.ए. (अंडर ग्रैजुएट) कई विषयों में करवाई जाती है। वहीं पोस्ट ग्रैजुएशन भी कई कोर्सों में करवाई जाती है। पी.यू. के ईवनिंग विभाग में एन.ई.पी. के आधार पर वैल्यू एडिड कोर्सिस में साइबर क्राइम, कंप्यूटर, फाइनांनिशियल, योगा, विभिन्न लैंगुएज व स्किल बेस्ड के कोर्स के लिए विभिन्न विभागों से टॉयअप किया गया है, जिससे स्टूडैंट बी.ए. के साथ उक्त वैल्यू एडिड कोर्स कर सकें।

**एकैडमिक सैशन 2026-27**

## मास्टर ऑफ पब्लिक हैल्थ प्रोग्राम के लिए मांगें आवेदन

चंडीगढ़, 1 जून (रश्मि हंस) : सैंटर फॉर पब्लिक हैल्थ पंजाब यूनिवर्सिटी ने एकैडमिक सैशन 2026-27 के लिए अपने दो साल के मास्टर ऑफ पब्लिक हैल्थ (सी.पी.एच.) प्रोग्राम में आवेदन मांगे हैं। इस प्रोग्राम में 80 क्रेडिट हैं।

एडमिशन पी.यू., सी.ई.टी. पी.जी. एंट्रैंस एग्जाम के जरिए होंगे। स्टूडैंट 9 जून, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल के जरिए ऑनलाइन रजिस्टर कर सकते हैं, जबकि एंट्रैंस एग्जाम 19 से 21 जून तक होगा। इस प्रोग्राम में 17 रैगुलर सीटें, 5 इन-सर्विस सीटें, 2 एन.आर.आई. सीटें और विदेशी नागरिकों के लिए 4 सीटें हैं। एडमिशन एक कॉमन मैरिट लिस्ट के आधार पर होगा, जो एंट्रैंस टैस्ट स्कोर को 50 परसेंट वेटेज और ओवरऑल ग्रेजुएशन मार्क्स को 50 परसेंट वेटेज देकर तैयार की जाएगी।



कालेज प्रशासन के खिलाफ एकजुट होते हुए कर्मचारी। (परमजीत)

# गर्मी की छुट्टियों में आऊटसोर्स कर्मचारियों को हटाने पर विवाद, कॉलेज प्रशासन के खिलाफ दी शिकायत

## 12 माह कार्य का नियम सख्ती से हो लागू, अवकाश के नाम पर कर्मचारियों को हटाने की प्रथा पर लगे रोक

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष) : सैक्टर-42 स्थित पोस्ट ग्रैजुएट गवर्नमैंट कॉलेज फॉर गर्ल्स के आऊटसोर्स व अनुबंधित कर्मचारियों ने कॉलेज प्रशासन पर अनैतिक निकासन, आर्थिक शोषण और सेवा नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों ने इस संबंध में चंडीगढ़ प्रशासन को लिखित शिकायत भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। कर्मचारियों का आरोप है कि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से 12 माह कार्य की अनुमति होने के बावजूद हर वर्ष मई से जुलाई के बीच उन्हें मौखिक रूप से कार्यमुक्त कर दिया जाता है। इस दौरान कोई लिखित आदेश भी जारी नहीं किया जाता।

### छुट्टियों में भी बुलाया जाता है काम पर, मना करने पर दी जाती है नौकरी से निकालने की धमकी

शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुछ विभागों में कर्मचारियों को पूरे साल रखा जाता है, जबकि अन्य को चयनात्मक तरीके से हटाया जाता है, जो समानता के अधिकार का उल्लंघन है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि छुट्टियों के दौरान भी उन्हें काम के लिए बुलाया जाता है और मना करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। मई से जुलाई के बीच वेतन न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि 12 माह कार्य के नियम को सख्ती से लागू किया जाए और अवकाश के नाम पर कर्मचारियों को हटाने की प्रथा पर रोक लगाई जाए।

## जन्मदिन मुबारक



हुक्मवीर



गुरसांझ



जसलीन



राधिका


खुशी के हर खास मौके पर...

सदा आपके साथ

जन्मदिन



अपने बेटे/ बिटिया के जन्मदिन

विवाह



नव-विवाहित जोड़े अपने विवाह

वर्षगांठ



अपने विवाह की वर्षगांठ

सैल्फी स्टार



परिवार एवं मित्रों की सैल्फी (3 से ज्यादा)

फोटो हमें भेजें।

9814825151, 7837580073

7837580071

नोट: मेल में नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।


## रक्तदान शिविर में 86 यूनिट रक्त एकत्रित

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष): सैक्टर 28 स्थित राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पी.जी.आई.एम.ई.आर. सैक्टर-12 के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्थान के प्रशिक्षुओं एवं स्टाफ सदस्यों ने 86 यूनिट रक्तदान किया गया।

शिविर के सुचारू संचालन के लिए नियुक्त स्टाफ ने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करने व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में सराहनीय कार्य किया। प्रधानाचार्य इंजी. अरुण कुमार ने इस पुनीत कार्य के लिए स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने समाज कल्याण के लिए रक्तदान के महत्व पर बल दिया तथा प्रशिक्षुओं को ऐसी मानवीय गतिविधियों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर प्रशिक्षुओं व स्टाफ की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पी.यू. के गर्ल्स हॉस्टल नंबर-11 में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

चंडीगढ़, 1 जून, (रश्मि हंस) : पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) के देवी अहिल्याबाई हॉल के सैक्टर-11 में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गईं। यह जयंति डीन स्टूडैंट वैल्फेयर की देखरेख में मनाई गई। इस अवसर पर हॉस्टल की वार्डन डॉ. वरिंदर कौर ने हॉस्टल में रहने वालों और स्टाफ के साथ देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रेरणा देने वाली जिंदगी और उनके योगदान के बारे में बताया। उन्होंने लोगों की भलाई, न्याय और समाज सेवा के लिए उनके समर्पण पर जोर दिया और सभी को उनके मूल्यों और लीडरशिप से सीखने के लिए हिम्मत दी। इस मौके को यादगार बनाने के लिए हॉस्टल के रहने वालों और स्टाफ ने उनकी याद में हॉस्टल के पीछे लीची का एक पौधा लगाया। यह पौधारोपण उनकी विरासत को श्रद्धांजलि देने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कदम के तौर पर किया गया।

# पूर्ण सद्गुरु ही दिलाते हैं कर्मों की कारा से मुक्ति : डॉ. सर्वेश्वर

## भगवान परशुराम भवन सैक्टर-37 में किया मासिक सत्संग समागम का आयोजन

चंडीगढ़, 1 जून (मीनाक्षी): दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा भगवान परशुराम भवन सैक्टर-37 में मासिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक श्री आशुतोष महाराज के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि समस्त सृष्टि कर्म सिद्धांत के अधीन संचालित होती है। डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि सामान्यत: यह माना जाता है कि अच्छे कर्म करने से मुक्ति प्राप्त हो जाएगी, किंतु कर्म चाहे शुभ हों या अशुभ - दोनों ही बंधन का कारण बनते हैं। जब जीवन में पूर्ण सद्गुरु का आगमन होता है, तब वे साधक को उसके अंत:करण में विद्यमान परमात्मा के ज्योति स्वरूप का दर्शन करा, ब्रह्मज्ञान की दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलित करते हैं। सद्गुरु की आज्ञा एवं मार्गदर्शन में साधक अपने संचित कर्मों को ज्ञानाग्नि में समर्पित कर कर्मबंधन से मुक्त होकर मोक्ष का अधिकारी बन सकता है। अत: प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे पूर्ण सद्गुरु की शरण ग्रहण करनी चाहिए, जो उसे आत्म-साक्षात्कार कराकर कर्मों की कारा से मुक्त कर सकें।





प्रवचन सुनते हुए भक्तजन।

## सु-डोकू-8263

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 6 | | 3 | 1 | 4 | | 9 |
| 2 | | | 6 | | | | | 1 |
| | | | 7 | | | | 5 | |
| | 3 | 1 | | | | 6 | | 2 |
| 8 | | | | 2 | | | | 4 |
| 4 | | 9 | | | | 8 | 7 | |
| | 7 | | | | 4 | | | |
| 6 | | | | | 7 | | | 8 |
| 9 | | 8 | 2 | 6 | | 1 | 3 | |

आड़े, खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

**सु-डोकू-8262 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 8 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 | 7 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |

**उपलब्धि** पी.यू. एलुमनाई अजयपाल सिंह धालीवाल ने माऊंट एवरैस्ट पर चढ़कर रचा इतिहास

# माऊंट एवरैस्ट पर चढ़ने के बाद वाइस चांसलर से मिले, मिला सम्मान

चंडीगढ़,1 जून, (रश्मि हंस) : पंजाब यूनिवर्सिटी ( पी.यू. ) की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विग ने पी.यू. एलुमनाई अजयपाल सिंह धालीवाल को सम्मानित किया, जिन्होंने हाल ही में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रचा है। धालीवाल ने वाइस चांसलर से उनके ऑफिस में मुलाकात की और इस मुश्किल चढ़ाई के अपने अनुभव शेयर किए। मीटिंग के दौरान पूर्व वाइस चांसलर प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर और एलुमनाई रिलेशंस के पूर्व डीन प्रो. अनिल मोंगा भी मौजूद थे।

मूल रूप से पंजाब के फरीदकोट जिले के कसम भट्टी गांव के रहने वाले और अभी कनाडा के ब्रिटिश कोलिम्बिया के सरे में रहने वाले धालीवाल सालों की कड़ी तैयारी और पक्के इरादे के बाद 20 मई, 2026 को माऊंट एवरेस्ट की 8,848.86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे।

## पक्के इरादे के बाद चोटी पर पहुंचे



### पी.यू. के साथ जुड़ाव से मिली प्रेरणा

वाइस चांसलर के साथ बातचीत के दौरान मिस्टर धालीवाल ने पी.यू. के साथ अपने जुड़ाव से मिली प्रेरणा और मोटिवेशन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि माऊंट एवरेस्ट पर चढ़ने की हिम्मत मुझे पी.यू. से मिली क्योंकि मैंने पंजाब यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई की थी। हम कनाडा में पी.यू. एलुमनाई हाइकिंग क्लब के बैनर तले रेगुलर हाइकिंग भी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2025 में भी एवरैस्ट पर चढ़ने की कोशिश की थी, लेकिन इस साल उन्होंने अपनी तैयारी और बढ़ा दी है।

पेशे से बैरिस्टर, उन्होंने 30 अप्रैल, 2026 को अपना एवरेस्ट अभियान शुरू किया और पहाड़ पर कुछ सबसे मुश्किल हालात का सामना करने के बावजूद अपना मिशन पूरा किया।

### बड़ी तैयारियों और चढ़ाई के दौरान आई चुनौतियों के बारे में भी बताया

धालीवाल ने वाइस-चांसलर को अभियान से पहले की गई बड़ी तैयारियों और चढ़ाई के दौरान आई चुनौतियों के बारे में भी बताया। उन्होंने इतने मुश्किल मिशन को पूरा करने के लिए जरूरी फिजिकल ट्रेनिंग, एंड्योरेंस-बिल्डिंग एक्सरसाइज और मेंटल तैयारी की जानकारी दी। प्रो. रेणु विग ने धालीवाल को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनकी हिम्मत, लगन और पक्के इरादे की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनकी यह कामयाबी पंजाब यूनिवर्सिटी के पुराने स्टूडैंट्स की बेहतरीन सोच, हिम्मत और ग्लोबल लीडरशिप को दिखाती है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी यह कामयाबी स्टूडैंट्स और युवाओं को बड़े सपने देखने और जिंदगी के हर हिस्से में बेहतरीन काम करने के लिए मोटिवेट करेगी।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING
सिंडिकेट Syndicate

सामान्य प्रशासन अनुभाग अंचल कार्यालय, 17-18,सेक्टर-12,करनाल, 132001
फोन : 0184-4034892, 8572800777
फैक्स-0184-4063657 ई-मेल : pecokar@canarabank.bank.in

**परिसर की आवश्यकता**

हमारी निम्नलिखित नई/वैकल्पिक शाखा को खोलने के लिए दो-बोली प्रणाली के तहत व्यावसायिक स्थान के मालिकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है। प्रस्तावित शाखा के लिये भूतल पर और आवश्यक बिजली भार (20-25 KVA) के साथ व्यवसाय हेतु तैयार स्थान चाहिए :-

| क्रम | स्थान | जिला | पॉप कैट | कारपेट क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पिंजौर | पंचकुला | अर्ध शहरी | 1900- वर्ग फुट |
| 2. | रोहतक तिलक नगर | रोहतक | शहरी | 2000- वर्ग फुट |

विवरण बैंक की वेबसाईट http://www.canarabank.bank.in पर भी प्रकाशित किया गया हैं। आवश्यक आवेदन पत्र उपर्युक्त कार्यालय, शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं या बैंक की वेबसाईट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उपर्युक्त पते पर जमा करने की अंतिम तिथि 16.06.2026 सांय 3:30 बजे तक है। इसके अलावा, संचार, शुद्धिपत्र, संशोधन, यदि कोई होगा, केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

स्थान : करनाल
दिनांक : 01.06.2026

हस्ता/-
उप महाप्रबन्धक
केनरा बैंक, अंचल कार्यालय करनाल


## आज का राशिफल

**2 जून 2026, मंगलवार**

द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण तिथि द्वितीया (सायं 7.02 तक) तथा तदोपरांत तिथि तृतीया। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-

**सूर्य** वृष में, **चन्द्रमा** धनु में, **मंगल** मेष में, **बुध** मिथुन में, **गुरु** कर्क में, **शुक्र** मिथुन में, **शनि** मीन में, **राहू** कुंभ में, **केतु** सिंह में




विक्रमी सम्वत् : 2083, ज्येष्ठ प्रविष्टे 19, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1948, दिनांक: 12 (ज्येष्ठ), हिजरी साल 1447, महीना जिल्हिज, तारीख 15, सूर्योदय: प्रात: 5.28 बजे, सूर्यास्त: सायं 7.24 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र: मूला (रात 10.07 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा, योग: साध्य (प्रात: 7.16 तक) तथा तदोपरांत योग शुभ, चंद्रमा: धनु राशि पर (पूरा दिन-रात), रात 10.07 तक जन्मे बच्चे को मूला नक्षत्र की पूजा लगेगी। दिशा शूल :उत्तर एवं वायव्य दिशा के लिए, राहूकाल: बाद दोपहर तीन से साढ़े चार बजे तक।

**पं. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।**

**मेष :** किसी धार्मिक प्रोग्राम के साथ जुड़ने, धार्मिक लिटरेचर पढ़ने, कथा वार्ता, भजन कीर्तन सुनने में जी लगेगा।

**वृष:** सेहत के मामले में लापरवाह न रहना चाहिए, बेतुके खान-पान से भी बचना ठीक रहेगा, बेगाने झमेलों में भी न फंसें।

**मिथुन:** व्यापार तथा कामकाज की दशा अच्छी, सफलता साथ देगी, दोनों पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति सॉफ्ट कंसिडरेट बने रहेंगे।

**कर्क:** दुश्मनों को कमजोर समझने की भूल करना किसी समय महंगा पड़ सकता है, मगर आम हालात अनुकूल चलेंगे।


फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
Kundli TV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...


**सिंह :** संतान साथ देगी, सपोर्ट करेगी और उसकी मदद से आपको अपनी किसी समस्या को सुलझाने में कामयाबी मिलेगी।

**कन्या :** कोर्ट कचहरी के साथ जुड़ा कोई काम हाथ में लेने पर कामयाबी मिलेगी, मान-सम्मान की प्राप्ति।

**तुला:** किसी बड़े व्यक्ति की मदद-सहयोग के साथ आपको अपनी किसी समस्या को सुलझाने में कामयाबी मिलेगी।

**वृश्चिक:** टीचिंग, कोचिंग, फोटो-वीडियोग्राफी, मैडीसिन, टूरिज्म, कंसल्टैंसी का काम करने वालों को अपने कामों में भरपूर लाभ मिलेगा।

**धनु :** अर्थ तथा कारोबारी दशा संतोषजनक, सफलता साथ देगी, मगर मौसम के एक्सपोइयर से अपना बचाव रखें।

**मकर:** सितारा चूंकि उलझनों-झमेलों वाला होगा, इसलिए किसी नए प्रोग्राम के लिए यत्न न करना चाहिए।

**कुंभ:** सितारा व्यापार कारोबार में लाभ वाला, कारोबारी टूरिंग भी लाभ देगी, आम हालात भी बेहतर बनेंगे।

**मीन :** राजकीय कामों में कामयाबी मिलेगी, अफसर भी मेहरबान-कंसिडरेट रहेंगे, शत्रु भी आपकी पकड़ में रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती की बिना सहमति से बनाए शारीरिक संबंध, केस दर्ज

जीरकपुर, 1 जून (अश्वनी) : एक युवती से उसकी सहमति ने बिना एक युवक ने शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं, आरोपी की पहचान बिट्ट कुमार के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी मां विदेश में रहती है और विदेश जाने के बाद वह आरोपी के साथ रह रही है। लेकिन बीती 14 मई की सुबह आरोपी बिट्टू के साथ जीरकपुर थी और आरोपी ने उसकी सहमति बिना जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए, जिसके बाद आरोपी ने उसे चुप रहने की धमकी दी। कुछ दिनों तक पीड़िता ने हिम्मत जुटाते हुए शिकायत चंडीगढ़ पुलिस विभाग के पास दर्ज करवाई। वहीं, मामला जीरकपुर से होने के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने जीरो एफ.आई.आर. दर्ज कर इसकी फाइल जीरकपुर को ट्रांसफर कर दी है और पुलिस ने केस में बिट्टू को नामजद कर जांच शुरू कर दी है।

### समर कैंप में बच्चों ने डांस कर की खूब मस्ती

कुराली, 1 जून (बठला) : स्थानीय डी.ए.वी. मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन शुरू किया गया। जिसमें स्कूल स्टूडैंट्स उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। कैंप के दौरान बच्चों के लिए शिक्षा, मनोरंजन और रचनात्मकता से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं।

प्रिंसीपल जे.आर. शर्मा की देखरेख में आयोजित किए जा रहे समर कैंप दौरान फन विद नंबर्स, स्पोकन इंगलिश, पब्लिक स्पीकिंग, पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट, एक्टिंग, म्यूजिक, क्लासिकल एवं बॉलीवुड डांस, एरोबिक्स, योगा एवं मैडीटेशन, कुकिंग विदाऊट फायर, क्राफ्ट तथा पेंटिंग जैसी गतिविधियों ने बच्चों को नई सीख प्रदान की जा रही है।

### डी.पी.ई. चरणजीत सिंह को 35 वर्षों की सेवा के बाद भावभीनी विदाई

कुराली, 1 जून (बठला) : गांव गोसलां के सरकारी हाई स्कूल में डी.पी.ई. चरणजीत सिंह को शिक्षा विभाग में 35 वर्षों की बेदाग और उत्कृष्ट सेवाओं के बाद सेवानिवृत्ति पर गर्मजोशी से विदाई दी गई। मुख्याध्यापिका अनु अग्रवाल और अध्यापक कपिल मोहन अग्रवाल की देखरेख में आयोजित समागम दौरान चरणजीत सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समागम दौरान कपिल मोहन अग्रवाल ने बताया कि चरणजीत सिंह ने 1991 में क्लर्क के रूप में शिक्षा विभाग में सेवाएं शुरू कीं। उन्होंने जिला शिक्षा कार्यालयों में 15 वर्ष कार्य किया और वर्ष 2007 में सरकारी हाई स्कूल गोसलां में शारीरिक शिक्षा अध्यापक नियुक्त हुए। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने खेलों में ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर उपलब्धियां हासिल कीं। चरणजीत सिंह ने समूह स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पूरी सेवा ईमानदारी, मेहनत और समर्पण से निभाई।

### 10वीं और 12वीं की सप्लीमैंट्री परीक्षाओं के लिए शैड्यूल जारी

मोहाली, 1 जून (नियामियां): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की जुलाई और अगस्त में होने वाली अनुपूरक परीक्षाओं (सप्लीमेंट्री/री-अपीयर/कंपार्टमैंट और अतिरिक्त विषय) के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म और फीस जमा करने का शैड्यूल जारी कर दिया गया है। जो छात्र इन परीक्षाओं में शामिल होना चाहते हैं, वे बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। नियमित छात्रों के लिए री-अपीयर, कंपार्टमैंट और अतिरिक्त विषय की परीक्षाओं का शैड्यूल लाइव हो चुका है।

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया कि ओपन स्कूल के छात्र: ओपन स्कूल प्रणाली के तहत परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए सप्लीमैंट्री परीक्षाओं का शैड्यूल बाद में अलग से जारी किया जाएगा। परीक्षा शुल्क, महत्वपूर्ण तिथियों और अन्य नियमों की विस्तृत जानकारी के लिए छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पैक्टस देख सकते हैं। शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने ऑनलाइन फॉर्म और फीस जमा कर दें, ताकि किसी भी तरह की तकनीकी परेशानी से बचा जा सके।

# शाफ्ट टूटी, रेलवे ट्रैक पर फंसा ओवरलोड कैंटर, रैड सिग्नल देकर रोकी ट्रेन

## गेटमैन की सूझबूझ और ट्रेन चालक की सतर्कता ने सैंकड़ों यात्रियों की जान बचा ली

डेराबस्सी, 1 जून (गुरजीत): अंबाला-कालका रेल लाइन के सी-115 रेलवे फाटक पर सोमवार दोपहर एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया, जब गेहूं की बोरियों से भरा एक ओवरलोड कैंटर रेलवे फाटक पार करते समय शाफ्ट टूट जाने के कारण रेलवे ट्रैक के बीचों-बीच फंस गया। उसी समय अमृतसर से अंबाला की ओर जा रही यात्री ट्रेन के आने का समय नजदीक था, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गेटमैन की सूझबूझ और ट्रेन चालक की सतर्कता ने सैंकड़ों यात्रियों की जान बचा ली।

घटना दोपहर करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कैंटर रेलवे फाटक से गुजर रहा था कि फाटक के पास ऊबड़-खाबड़ सड़क के कारण वाहन पर अधिक दबाव पड़ा और उसकी छावट टूट गई। कैंटर ट्रैक के बीचों-बीच रुक गया।



लाल कपड़ा बांधकर ट्रेन को रुकने का संकेत देते हुए गेटमैन और बीच ट्रैक फंसा कैंटर और टूटी शाफ्ट।

### कैंटर में गेहूं की बोरियां लदी थीं

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गेटकीपर ने तुरंत ट्रैक पर लाल कपड़ा बांधकर अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुबारकपुर स्टेशन से रेड सिगनल जारी कर दिया गया। इसके बाद ट्रेन चालक ने समय रहते ट्रेन को घटनास्थल से करीब 500 मीटर पहले ही रोक लिया। रास्ता साफ होने तक ट्रेन को लगभग 10 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान राहगीरों ने पास से गुजर रहे एक ट्रैक्टर की मदद से कैंटर को ट्रैक से हटाया। रास्ता पूरी तरह साफ होने के बाद गेटमैन ने हरा सिगनल दिया, जिसके बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

लोगों ने बताया कि कैंटर में गेहूं की बोरियां लदी हुई थीं और वाहन ओवरलोड था। प्रारंभिक जांच में अधिक भार के कारण छावट टूटने की बात सामने आ रही है। इस घटना ने एक बार फिर ओवरलोड वाहनों के खतरे और रेलवे ट्रैक के आसपास खराब सड़कों की समस्या को उजागर कर दिया है।

## नयागांव के नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों ने विनीत जोशी से की भेंट

### विकास कार्यों की रूपरेखा पर हुई चर्चा



विनीत जोशी पार्षदों से बातचीत करते हुए।

नयागांव, 1 जून (मुनीष जोशी): नयागांव म्यूनिसिपल काऊंसिल के नवनिर्वाचित भाजपा के पार्षदों ने सर्कल अध्यक्ष भूपिंदर भुप्पी के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा पंजाब के स्टेट मीडिया हैड विनीत जोशी के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पार्षदों ने नयागांव की जनता, पार्टी नेतृत्व, समर्पित कार्यकर्ताओं तथा विनीत जोशी का आभार व्यक्त किया।

जिनके मार्गदर्शन में भाजपा ने नयागांव में ऐतिहासिक विजय हासिल की। पार्षदों ने कहा कि विनीत जोशी पिछले कई वर्षों से नयागांव, कांसल एवं आसपास के क्षेत्रों के जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान कर इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की विकासोन्मुखी सोच और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों पर विश्वास जताया है।

बैठक के दौरान नयागांव के समग्र विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विनीत जोशी ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई दी।

# तंबाकू का इस्तेमाल कई बीमारियों की बन रहा वजहः सिविल सर्जन

### सरकारी हैल्थ इंस्टीट्यूशन में वर्ल्ड नो टोबैको डे मनाया

मोहाली, 1 जून (संदीप) : वर्ल्ड नो टोबैको डे के मौके पर जिले के अलग-अलग सरकारी हैल्थ इंस्टीट्यूशन में अवेयरनैस एक्टिविटीज़ की गईं। हैल्थ वर्कर्स ने मरीजों और दूसरे लोगों को तंबाकू के इस्तेमाल के बुरे प्रभावों के बारे में बताया। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन की लीडरशिप में सिविल सर्जन ऑफिस में कर्मचारियों और दूसरे लोगों ने तंबाकू सेवन न करने की शपथ ली।



तंबाकू न खाने का संकल्प लेते हुए।

डॉ. संगीता जैन ने कहा कि सिगरेट, बीड़ी, ज़र्दा, पान मसाला, ई-सिगरेट, चिलम वगैरह तंबाकू प्रोडक्ट्स शरीर के लिए बहुत खतरनाक हैं। पहले जवान दोस्त तंबाकू खाना शुरू करते हैं, फिर उन्हें इसकी हमेशा के लिए लत लग जाती है। यह एक मीठा ज़हर है जो इंसान की जान भी ले लेता है, इसलिए तंबाकू छोड़कर अच्छी ज़िंदगी जीनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तंबाकू का इस्तेमाल कैंसर, सांस की दिक्कत, दिल की बीमारियां, डायबिटीज, दांतों की बीमारियां, सुनने में दिक्कत, आंखों की रोशनी कम होना जैसी कई बीमारियों की वजह है। तंबाकू नोडल ऑफिसर डॉ. नवदीप सिंह ने कहा कि तंबाकू की आदत छोड़ना कोई मुश्किल काम नहीं है। अगर इंसान मन बना ले तो वह आसानी से इससे छुटकारा पा सकता है। इस अवसर पर तंबाकू नोडल ऑफिसर डॉ. नवदीप सिंह, जिला परिवार कल्याण ऑफिसर डॉ. तमन्ना सिंघल, सीनियर मैडीकल ऑफिसर डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. रजनीत रंधावा, डॉ. हरमनदीप कौर, जिला मास मीडिया ऑफिसर हरचरण सिंह और दूसरे ऑफिसर मौजूद थे।

### गुलाबगढ़ रोड के पास झाड़ियों में मिला शव

डेराबस्सी, 1 जून (अनिल): डेराबस्सी-बेहड़ा रोड पर स्थित गांव गुलाबगढ़ के निकट एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी और टीम ने मौके पर पहुंच और जांच शुरू की।

जानकारी अनुसार कुछ स्थानीय लोगों ने अमन होटल के नजदीक झाड़ियों में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना डेराबस्सी के प्रभारी इंस्पैक्टर सुमित मोर टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी इंस्पैक्टर सुमित मोर ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष प्रतीत हो रही है, लेकिन उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक सिविल अस्पताल डेराबस्सी की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस आसपास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि मृतक की पहचान और घटनाक्रम के बारे में कोई सुराग मिल सके।



गिरफ्तार आरोपी और उनके कब्जे से बरामद किए गए वाहन।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 सदस्य गिरफ्तार

### आरोपियों की निशानदेही पर 9 वाहन किए बरामद

मोहाली, 1 जून (संदीप) : वाहन चोरगिरोह का पर्दाफाश करतेहुए फेज-1 थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बलौंगी के रहने वाले हरविंदर सिंह, चंडीगढ़ सैक्टर-56 के रहने वाले भरत कुमार, कुराली निवासी ईश्वर सिंह और जिला रूपनगर के रहने वाले जगदीप सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए 8 बाइक, एक एक्टिवा बरामद की है।

डी.एस.पी. सिटी-1 गुरचरण सिंह ने बताया कि थाना फेज-1 के प्रभारी इंस्पैक्टर सुखबीर सिंह की टीम ने 23 मई को वाहन चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए हरविंदर कुमार को चोरी के बाइक सहित गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से एक और बिना नंबर प्लेट का बुलेट मोटसाइकिल बरामद किया गया। जांच के दौरान भरत कुमार का नाम सामने आया, जिसे 26 मई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई। भरत कुमार से पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों ईश्वर सिंह और जगदीप सिंह की संलिप्तता सामने आई। दोनों आरोपियों को भी चोरी के बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में ईश्वर सिंह और जगदीप सिंह की निशानदेही पर चार अन्य चोरी के मोटरसाइकिल बरामद किए गए, जबकि भरत कुमार के कब्जे से एक और चोरी की बाइक मिली। इस तरह पुलिस ने करीब 9 चोरी के वाहन बरामद किए हैं।

बरामद वाहनों में हरविंदर कुमार से दो बाइक, भरत कुमार से एक एक्टिवा और एक बाइक तथा ईश्वर सिंह और जगदीप सिंह से पांच बाइक बरामद हुए हैं।

### मांगों का लेकर विभिन्न किसान जत्थेबंदियों ने किया प्रदर्शन

मोहाली, 1 जून (संदीप) : भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेतृत्व में किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे। इस दौरान किसानों का काफिला गुरुद्वारा अंब साहिब से चंडीगढ़ स्थित रजिस्ट्रार सहकारी सभाओं के कार्यालय की ओर मार्च के लिए रवाना हुआ लेकिन बीच रास्ते ही पुलिस ने किसानों को रोक लिया।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि लैंड मार्गेज बैंक कर्ज वितरण के समय किसानों से खाली चेक लेते हैं, जबकि भूमि पहले से ही बैंक के पास सुरक्षा के रूप में गिरवी दर्ज होती है। किसान संगठनों का दावा है कि कई मामलों में कर्ज की अदायगी और क्लीयरैंस सर्टिफिकेट जारी होने के बाद भी किसानों को परेशान किया गया तथा कुछ मामलों में कथित वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद निजी बैंकों की तर्ज पर लैंड मार्गेज बैंक के कर्जदार किसानों के लिए वन टाइम सैटलमैंट योजना लागू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह अब तक लागू नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के बजाय वसूली और कुर्की की कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई। शाम तक प्रशासन के अधिकारियों और बैंकों के अधिकारियों के साथ किसानों की बातचीत चलती रही। देर शाम बैठक में मिले आश्वासनों के बाद चंडीगढ़ में प्रस्तावित धरने को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। वही दुसरी तरफ कम्प्यूटर टीचर भी अपनी मांगों को लेकर पहुचें थे। जिन्हें भी पुलिस द्वारा चंडीगढ़ में जाने से रोका गया था।

## शिक्षकों के 'मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण' पर कार्यशाला आयोजित



ब्रुकफील्ड इंटरनैशनल स्कूल में कार्यशाला दौरान भाग लेते शिक्षक।

कुराली, 1 जून (बठला) : स्थानीय सिसवां रोड़ पर स्थित ब्रुकफील्ड इंटरनैशनल स्कूल में शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को मजबूत करने के उद्देश्य से 'मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण' विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सी.बी.पी.) कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और कार्य-जीवन संतुलन के प्रति जागरूक करना था। प्रिंसीपल वंदना बंसल की देखरेख में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता रीतू बाली और डॉ. सुमन लता विशेष तौर पर शामिल हुए।शिक्षकों के लिए रोल-प्ले, रचनात्मक खेल और आइस-ब्रेकिंग गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक मानव सिंगला ने कहा कि एक स्वस्थ शिक्षा प्रणाली की नींव मजबूत और संतुष्ट शिक्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन शिक्षकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा। अंत में मुख्य विशेषज्ञों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## चरणजीत सिंह चन्नी को जल्द घोषित किया जाए कांग्रेस का मुख्यमंत्री चेहराः नरेंद्र सिंह गांधी



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र सिंह गांधी।

खरड़, 1 जून (गगनदीप): पंजाब की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और आने वाले चुनावों के लिए स्पष्ट नेतृत्व देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र सिंह गांधी घड़ूंआ ने कांग्रेस हाईकमान से अपील की है कि पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद चरणजीत सिंह चन्नी को जल्द से जल्द पंजाब में पार्टी के मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में घोषित किया जाए। गांधी ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी आज पंजाब में कांग्रेस के सबसे लोकप्रिय और जनाधार वाले नेताओं में से एक हैं। चन्नी ने अपने सरल स्वभाव, लोगों से नजदीकी और जनहितकारी नीतियों के कारण हर वर्ग के लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। इसी वजह से पंजाब के लोग उन्हें अपना स्वाभाविक नेता मानते हैं। हाल ही में हुई ब्लॉक समिति, जिला परिषद और नगर परिषद चुनावों के दौरान चन्नी के प्रभाव वाले क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी समर्थन मिला है। लोगों ने विकास और जनपक्षीय सोच को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के पक्ष में फैसला दिया है, जो चन्नी की लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है।

### कूंमकलां पुलिस ने 2 कारों से 22 पेटी शराब बरामद की

माछीवाड़ा साहिब, 1 जून (टक्कर): चंडीगढ़ के हाईटैक पुलिस चैकिंग प्वाइंट और सख्ती के बावजूद, यहां से पंजाब में अवैध शराब की सप्लाई जारी है, जिससे राज्य की एक्साइज पॉलिसी को बड़ा झटका लग रहा है। चंडीगढ़ में शराब सस्ती है और इसके तस्कर यहां से कारों और दूसरी बड़ी गाडियों के जरिए सस्ती शराब लाकर पंजाब के शहरों व गांवों में सप्लाई कर रहे हैं। बीती रात कूंमकलां पुलिस ने भी 2 कारें बरामद कीं, जिनसे 22 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। थाना मुखी इंस्पैक्टर मधु बाला ने बताया कि सहायक थानेदार जगतार सिंह पुलिस पार्टी के साथ गशत कर रहे थे, तभी एक मुखबिर ने सूचना दी कि कूंमकलां वासी परमवीर सिंह उर्फ प्रिंस और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति अवैध शराब बेचने के धंधे में शामिल हैं। वे बाहरी राज्यों से स्कॉर्पियो और वरना गाड़ियों में सस्ती शराब लाते हैं और उसे ऊंचे भाव पर बेचते हैं।

थाना मुखी ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके इन दोनों गाड़ियों को रुकने का इशारा किया। पुलिस पार्टी को देखकर दोनों के ड्राइवर अपनी गाड़ियां छोड़कर मौके से भाग गए। जब पुलिस ने इन दोनों गाड़ियों की तलाशी ली तो उनमें से 22 पेटी शराब बरामद हुई जो पंजाब में बिकने लायक नहीं है। पुलिस ने शराब और गाड़ियों को जब्त कर लिया है और परमवीर सिंह प्रिंस और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। माछीवाड़ा और कूंमकलां इलाकों में चंडीगढ़ से शराब की गैर-कानूनी सप्लाई कोई पहला मामला नहीं है और लुधियाना जिले में शराब तस्करों के लिए यह शराब बड़े पैमाने पर सप्लाई की जा रही है।

## गुरुद्वारे को जाने वाले रास्ते में लगाए पेवर ब्लॉक्स



सरपंच संजीव शर्मा निरीक्षण करते हुए।

नयागांव, 1 जून (मुनीष जोशी): गांव सिसवां की जनता की परेशानी को देखते हुए गांव के सरपंच संजीव शर्मा की ओर से गांव से लेकर गुरुद्वारा की तरफ जाने वाले मार्ग पर पेवर ब्लॉक लगाकर नया रूप दिया जा रहा है।

मौके पर सरपंच संजीव शर्मा ने बताया गांव के लोगों की वर्षों की मांग थी कि गुरुद्वारे को जाने वाले रास्ते को साफ सुथरा और पक्का किया जाए।

जनता की इस परेशानी को देखते हुए इस मार्ग पर पेवर ब्लॉक लगाकर पक्का और साफ सुथरा बनाया जा रहा है ताकि लोगों को रोजाना गुरुद्वारे आने-जाने में सुविधा हो।



### 13 अवैध निर्माणों पर चला ग्माडा का बुल्डोजर

नयागांव, 1 जून (मुनीष जोशी): ग्रेटर मोहाली क्षेत्र विकास प्राधिकरण (ग्माडा) ने न्यू चंडीगढ़ में तोगा-बूथगढ़ मार्ग पर गांव सैनी माजरा और रानी माजरा में अवैध निर्माणों को जे.सी.बी. से गिराया गया। इस दौरान ग्माडा के जे.ई. संघर्षवीर सिंह और ग्माडा सिक्योरिटी स्टाफ मौजूद रहा। जिनकी देखरेख में करीब 13 अवैध निर्माणों को गिराया गया। वहीं मौके पर टीम की ओर से फोटो और वीडियोग्राफी भी की गई। यह कार्रवाई करीब 3 घंटे तक चलती रही। जे.ई. संघर्षवीर सिंह ने कहा अवैध निर्माण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**चुप्पी पर उठे सवाल** | केंद्र बंद होने के कारण उन्हें बिना काम कराए ही वापस जाना पड़ता है

# सेवा केंद्र कर्मियों की हड़ताल से लोग परेशान

डेराबस्सी, 1 जून (अनिल): डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से जारी सेवा केंद्र कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेवा केंद्रों में कामकाज पूरी तरह ठप होने से विभिन्न सरकारी सेवाएं प्रभावित हो गई हैं और लोगों को रोजाना निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि दूर-दराज के गांवों से आने वाले नागरिक सुबह से ही सेवा केंद्रों के बाहर पहुंच जाते हैं, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हें बिना काम कराए ही वापस जाना पड़ता है। हड़ताल के चलते जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इसके अलावा आधार कार्ड अपडेट कराने, नए आधार कार्ड बनवाने और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं में भी रुकावट आ गई है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों को हो रही है, जिन्हें अपने आवश्यक कार्यों के लिए सेवा केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ता है।



डेराबस्सी तहसील परिसर के बाहर स्थित सेवा केंद्र के सामने अपने कार्यों के लिए परेशान होते क्षेत्रवासी।

### बिना काम के वापस लौटना पड़ रहा

क्षेत्र के कई लोगों ने बताया कि वे लगातार कई दिनों से अपने कार्य करवाने के लिए सेवा केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें बंद केंद्र देखकर लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हड़ताल शुरू हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर चुप्पी साध रखी है। न तो जनता को किसी प्रकार की जानकारी दी जा रही है और न ही उनके जरूरी कार्यों के निपटारे के लिए कोई अस्थायी व्यवस्था की गई है। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## जीरकपुर में सत्ताधारी पार्टी और शिअद ने चुनाव नहीं, बल्कि फ्रैंडली मैच खेला : गुरदर्शन सैनी



जीरकपुर में प्रैसवार्ता दौरान जानकारी देते हुए।

जीरकपुर, 1 जून (अश्वनी) : जीरकपुर नगर परिषद के हुए चुनाव में भाजपा के 31 वार्ड्स पर खड़े किए उम्मीदवारों में से 7 लोगों कागज रद्द न हुए होते तो नयागांव की तरह जीरकपुर नगर परिषद में हमारा प्रधान बनता। ये गंभीर आरोप भाजपा के सीनियर नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने चुनाव संपन्न होने के बाद आए नतीजों के बाद प्रैसवार्ता करके लगाए। आरोप लगाया कि नगर परिषद चुनाव में सत्ताधारी पार्टी और शिअद ने मिलकर चुनाव लड़ा, जिस कारण दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा सीटें शिअद की रही।

सत्ताधारी पार्टी ने सबसे ज्यादा भाजपा के उम्मीदवारों के कागज रद्द किए और कांग्रेस के 3 वार्ड्स पर कागज रद्द किए, जिससे साफ प्रतीत होता है कि सत्ताधारी पार्टी और शिअद ने यह चुनाव फ्रैंडली मैच की तरह खेला और इसका नतीजा भी उसी दिशा में नजर आता है। प्रैसवार्ता दौरान सैनी के साथ उनके बेटे हरदीप सिंह सैनी और जिला ओ.बी.सी. मोर्चा के प्रधान हरप्रीत सिंह सैनी ने बताया कि जीरकपुर में भाजपा ने 24 वार्ड्स पर चुनाव लड़ा, जिसमें उनको 13 से अधिक वोट हासिल हुए। जबकि शिअद ने 31 वार्ड्स पर चुनाव लड़ा, जिसको 16 हजार वोट मिले और 28 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस को 10 हजार वोट मिले। वहीं, वोटों के अंतर पर नजर मारे तो भाजपा ने जो वोट 24 सीटों पर चुनाव लड़कर हासिल किए। इसके साथ ही नयागांव की तरह जीरकपुर की नगर परिषद पर भाजपा का प्रधान बनता। लेकिन सत्ताधारी पार्टी और शिअद के फ्रैंडली मैच के चलते ऐसा नहीं हुआ। कोई बात नहीं, आने वाली विधानसभा चुनाव में भाजपा पंजाब के अंदर अपनी सरकार बनाकर मुंहतोड़ जवाब देगी।

## खेलो चंडीगढ़ गेम्स-2026 के समापन समारोह में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री

# युवा खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : बघेल

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय) : भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'खेलो चंडीगढ़ गेम्स 2026' का भव्य समापन समारोह पंजाब यूनिवर्सिटी सैक्टर-25 स्थित कन्वेंशन सैंटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों तथा गणमान्य अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद एस.पी. सिंह बघेल उपस्थित रहे। वहीं हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गैस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। मंच पर भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, चंडीगढ़ के प्रथम नागरिक मेयर सौरभ जोशी, प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, संजीव राणा एवं शक्ति प्रकाश देवशाली, पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेनू विग, डायरेक्टर स्पोर्ट्स राकेश मलिक तथा खेल प्रकोष्ठ के संयोजक प्रभजीत सिंह लांबा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि एस.पी. सिंह बघेल ने भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के खेल प्रकोष्ठ को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार के कार्यों की अपेक्षा सामान्यत: खेल मंत्रालय से की जाती है, उसी प्रकार का सराहनीय और दूरदर्शी कार्य भाजपा चंडीगढ़ का खेल प्रकोष्ठ कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेलो चंडीगढ़ गेम्स जैसा विशाल आयोजन अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा और उन्हें भी युवाओं के लिए ऐसे सकारात्मक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ मस्तिष्क ही एक सशक्त, समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।



भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'खेलो चंडीगढ़ गेम्स 2026' का भव्य समापन समारोह पंजाब यूनिवर्सिटी सैक्टर-25 स्थित कन्वेंशन सैंटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों तथा गणमान्य अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### खेलो चंडीगढ़ गेम्स का आयोजन वास्तव में प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय पहल : डॉ. अरविंद शर्मा

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि खेलो चंडीगढ़ गेम्स का आयोजन वास्तव में प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय पहल है। आज के खिलाड़ी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं और देश का भविष्य इन्हीं युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों में जोश भरते हुए कहा कि वे निरंतर खेल गतिविधियों में भाग लेते रहें, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तथा देश और समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता है और राष्ट्र को भविष्य के चैंपियन प्राप्त होते हैं। भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रोफेसर रेनू विग एवं डायरेक्टर स्पोर्ट्स राकेश मलिक का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग, मार्गदर्शन एवं समन्वय के बिना इस विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करना संभव नहीं था। उन्होंने खेल प्रकोष्ठ के संयोजक प्रभजीत सिंह लांबा की सराहना करते हुए कहा कि खेलो चंडीगढ़ गेम्स की परिकल्पना और प्रस्ताव सबसे पहले उन्होंने ही रखा था, जिसके परिणामस्वरूप आज यह आयोजन हजारों युवाओं को एक मंच प्रदान करने में सफल हुआ है।

### भारत विश्व मंच पर खेल, शिक्षा, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां कर रहा हासिल : सतनाम संधू

राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि भारत आज विश्व मंच पर खेल, शिक्षा, विज्ञन और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम आज पूरे देश में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है और खेल युवाओं को अनुशासित, आत्मनिर्भर तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे खेल भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर भारत को विश्व की अग्रणी खेल शक्तियों में स्थापित करने के संकल्प को आगे बढ़ाएं।

# डी.जी.पी. के रीडर ओ.पी. राणा ने सी.बी.आई. अदालत में किया सरैंडर

## अदालत ने आरोपी को भेजा सात दिन के पुलिस रिमांड पर

चंडीगढ़, 1 जून (सुशील राज): पंजाब विजीलैंस विभाग के डी.जी.पी. के नाम पर 13 लाख रुपए और महंगा मोबाइल मांगने वाले फरार इंस्पैक्टर ओ.पी. राणा ने सोमवार को सी.बी.आई. की विशेष अदालत ने सरैंडर कर दिया। सी.बी.आई. ने आरोपी को विशेष अदालत में पेश कर सात दिन का रिमांड हासिल किया। राणा डी.जी.पी. का रीडर था और उसे विभाग ने सस्पैंड कर दिया है।

उसके खिलाफ 11 मई को सी.बी.आई. ने भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया था। इस केस में सी.बी.आई. ने तीन बिचौलियों मलोट निवासी विकास गोयल, राघव गोयल और ड्राइवर अंकित वाधवा को गिरफ्तार किया था। हालांकि राणा सी.बी.आई. को चकमा देकर फरार हो गया था।

आरोप है कि यह सब मिलकर मलोट में तैनात स्टेट टैक्स ऑफिसर अमित कुमार को किसी फर्जी केस में फंसा रहे थे और फिर उन्हें बचाने के नाम पर रिश्वत मांग रहे थे। अमित ने तंग आकर सी.बी.आई. को शिकायत दी थी।

सी.बी.आई. ने पकड़ने के लिए सैक्टर-35 के एक होटल के पास जाल बिछाया था, लेकिन राणा नहीं आया और फरार हो गया था। इसके बाद सी.बी.आई. कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में भी जमानत के लिए याचिका दायर की थी, लेकिन वहां सरैंडर करने की बात करते हुए याचिका वापस ले ली थी।

**यह है मामला :** सी.बी.आई. के मुताबिक यह मामला मलोट के स्टेट टैक्स आफिसर अमित कुमार से जुड़ा है। आरोप है कि ओपी राणा और बिचौलियों ने अमित कुमार को यह कहकर धमकाया कि उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत आई है, जिसे डीजीपी ने कार्रवाई के लिए आगे भेज दिया है। शिकायत को दबाने के नाम पर आरोपियो ने अमित कुमार से 20 लाख रुपए रिश्वत मांगी। फिर उनमें 13 लाख रुपए में सौदा तय हो गया। आरोपियो ने कहा था कि 13 लाख रुपये "बड़े साहब" तक पहुंचाने हैं, जबकि ओपी राणा ने अपने लिए करीब 1.86 लाख रुपए कीमत का मोबाइल फोन मांगा था। इधर, अमित ने तंग आकर सी.बी.आई. को पूरी जानकारी दे दी थी।

### सी.बी.आई. ने कहा, जानकारियां छिपा रहा राणा

सी.बी.आई. ने सोमवार को कोर्ट में ही आरोपी से काफी देर तक पूछताछ की, लेकिन कुछ भी बताने को तैयार नहीं था। सी.बी.आई. के पब्लिक प्रासिक्यूटर नरेंद्र सिंह ने अदालत में कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। उसने अपने मोबाइल फोन, इलैक्ट्रानिक गैजेट्स और अन्य डिजीटल सबूतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और गोलमोल जवाब दे रहा है। उसकी कस्टोडियल इंटेरोगेशन जरूरी है। सी.बी.आई. ने सात दिन का रिमांड मांगा, जो मंजूर हो गया।

### डी.जी.पी. ऑफिस को बना रखा था भ्रष्टाचार का अड्डा

सीबीआई को इस मामले की जांच के दौरान पता चला कि राणा ने डीजीपी विजिलेंस के कार्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा था। आरोप है कि ओपी राणा पंजाब विजिलेंस विभाग से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं निजी लोगों तक पहुंचाता था और इसके बदले रिश्वत व अन्य आर्थिक लाभ लेता था। बिचौलियों की गिरफ्तारी के बाद सीबीआईको कुछ वाट्सएप चैट, काल डिटेल और अन्य डिजिटल सबूत मिले हैं। जिनसे सीबीआइ को संकेत मिले हैं कि विजिलेंस विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों का एक नेक्सस बना हुआ था। यह लोग लगातार संपर्क में रहते थे और लोगों को विजिलेंस शिकायतों का डर दिखाकर उनसे पैसे वसूलते थे।

# पी.ओ. एंड समन स्टाफ ने पकड़े 24 भगौड़े

## 10 भगौड़ों को स्टेट केसों और 7 भगौड़े 138 एन.आई. एक्ट व 6 नॉन बेलेबल वारंट में



पीओ एंड समन स्टाफ की गिरफ्त में भगौड़े। (परमजीत)

चंडीगढ़, 1 जून (सुशील राज): पीओ एवं सम्मन स्टॉफ की टीमों ने 24 भगौड़ों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 10 भगौड़े स्टेट केसों में, 7 भगौड़े 138 एन.आई. एक्ट 6 नॉन बेलेबल वारंट में शामिल थे, जबकि एक को रि-अरैस्ट किया गया है। भगौड़े जमानत मिलने के बाद कई सालों से फरार चल रहे थे।

एस.एस.पी. यू.टी. कंवरदीप कौर व डी.एस.पी. पी.अभनंदन के आदेशानुसार पीओ सैल के इंचार्ज हरभजन सिंह द्वारा बनाई गई टीमों ने भगौड़ों को काबू किया है। मौलीजागरां पार्ट-2 के सुंदरनगर निवासी मुकेश कुमार को मौलीजागरां थाने में 2023 में दर्ज एक्साइज एक्ट 61-1-14 के तहत दर्ज केस में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी जमानत के बाद कोर्ट में पेश नहीं हुआ था, जिसके चलते कोर्ट ने उसे भगौड़ा करार कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को सोमवार कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

- रोहतक के आर्या नगर निवासी बलराम व ओम प्रकाश को पीओ सैल की टीम ने सैक्टर-36 थाने में 2021 में दर्ज हुए चोरी के केस में गिरफ्तार किया गया। यह दोनों आरोपी भी कोर्ट से भगौड़ा करार दिए जा चुके थे। इन दोनों को भी कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।
- फेज-1 रामदरबार निवासी विशाल को सैक्टर-36 थाने में 2019 में दर्ज झगड़े केस में गिरफ्तार किया गया। उसे भी कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
- अंबाला कैंट निवासी गौरव शर्मा को 2015 में इंडस्ट्रियल एरिया थाने में दर्ज धोखाधड़ी के केस में गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने उसे भी जेल भेज दिया।
- सैक्टर-29बी निवासी निशु को इंडस्ट्रियल एरिया थाने में 2018 में दर्ज झगड़े के केस में गिरफ्तार किया गया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसे भी जेल भेज दिया(
- संगरूर निवासी रिंकू को वूमैन पुलिस स्टेशन में 2019 में दर्ज दहेज की मांग के तहत दर्ज केस में गिरफ्तार किया गया। वह लंबे समय से फरार था। पीओ सैल की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद वूमैन पुलिस स्टेशन की टीम के हवाले कर दिया है।
- सैक्टर-52 निवासी नितिन को सैक्टर-36 थाने में 2023 में दर्ज झगड़े केस में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
- खुड्डा अलीशेर निवासी बलविन्द्र सिंह उर्फ काला को सैक्टर-11 पुलिस स्टेशन में 2020 में दर्ज चोरी के केस में गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने उसे भी जेल भेज दिया।
- सैक्टर-49 की ई.डब्ल्यू.एस. कॉलोनी निवासी सन्नी को सैक्टर-49 थाने में 2022 में दर्ज गैंबलिंग एक्ट के केस में गिरफ्तार किया गया। उसे भी जेल भेज दिया गया।
- डेराबस्सी निवासी सतनाम सिंह, मलोया कालोनी निवासी सौरव, फेज-2 रामदरबार निवासी प्रदीप कुमार, अंबाला के बलदेव नगर निवासी रमेश कुमार, संदीप खन्ना व पंचकूला के करनैल सिंह व उसकी पत्नी रोशनी को चैक बाउंस मामले में गिरफ्तार किया गया। इन सभी को कोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया।
- सैक्टर-8 पंचकूला निवासी प्रवीन अग्रवाल, बठिंडा निवासी नरदीप सिंह, सैक्टर-51 निवासी हरप्रीत सिंह, रायपुर खुर्द निवासी विजय, जीरकपुर निवासी सत नारायण, सैक्टर-49 निवासी सैनुल को गैर जमानती वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया।
- जीरकपुर की प्रीत कालोनी निवासी जाकिर हुसैन को सैक्टर-26 थाने में 2014 में दर्ज धोखाधड़ी के केस में रि अरेस्ट किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने जमानत दे दी।

### शोषण रोकने को दिया धरना



नगर निगम कार्यालय के बाहर रेहड़ी-फड़ी की समस्याओं को लेकर फुटपाथ साइकिल एंड रेहड़ी फ्री वर्कर यूनियन के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया, जिसमें रेहड़ी फड़ी वालों के हो रहे शोषण को रोकने के लिए धरना दिया गया, इसमें प्रधान राममिलन, महासचिव माधुरी सिंह रमेश चंद्र कैलाश राव अयोध्या प्रसाद गुड़िया देवी ने संबोधित किया। (राणा)

## निगम ने रिबेट अवधि में 60.99 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स किया एकत्रित

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय): नगर निगम ने 31 मई को समाप्त हुई रिबेट अवधि के दौरान ₹60.99 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में एकत्र किए, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में ₹1 करोड़ से अधिक की मामूली वृद्धि दर्शाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 31 मई तक चली दो माह की रिबेट अवधि के दौरान शहर भर के आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों के कुल 74,142 मालिकों ने अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया। कुल संग्रह में ₹23.79 करोड़ आवासीय संपत्तियों से और ₹37.21 करोड़ वाणिज्यिक संपत्तियों से प्राप्त हुए। नगर निगम ने निर्धारित मूल्यांकन अवधि के भीतर टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को आवासीय संपत्तियों पर 20 प्रतिशत और वाणिज्यिक संपत्तियों पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की थी।

# जन सुविधा शौचालय सफाई सेवक 16 जून को करेंगे रैली

### मांगे नहीं मानी तो शुरू करेंगे भूख हड़ताल

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय) : जन सुविधा शौचालय सफाई सेवक यूनियन की बैठक सैक्टर-11 में प्रधान अशोक बैनीवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मांग की गई कि टॉयलेट वर्करों को नगर निगम हाऊस के फैसले मुताबिक डीसी रेट्स अनुसार वेतन दिया जाए। लीडरशिप ने ठेकेदार द्वारा पुराने लगे वर्करों से मैट्रिकुलेशन का सर्टिफिकेट मांगने की निंदा की तथा मांग की कि वर्करों को बेवजह परेशान करना बंद किया जाए। यह मांग भी की गई कि सफाई सेविका आशा जिसे नौकरी से निकाल दिया है, वायदे अनुसार उसे तुरंत वापस काम पर लिया जाए। उन्होंने कमिश्नर नगर निगम अमित कुमार को इस मसले में दखल देने के लिए अनुरोध किया। बैठक में फैसला लिया गया के अगर नगर निगम ने मांगों को गंभीरता से लागू नहीं किया तो यूनियन 16 जून को रैली निकालेगी अगर फिर भी सफाई सेवकों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो यूनियन को मजबूरन भूख हड़ताल शुरू करनी पड़ेगी जिस की पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।

वहीं यूनियन का डेलिगेशन कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार से भी मिला, उन्होंने डेलिगेशन को भरोसा दिलाया कि पुराने काम पर लगे वर्करों को मैट्रिकुलेशन का सर्टिफिकेट देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ठेकेदार रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर पैसे मांगता है तो किसी भी वर्कर ने पैसे नहीं देने।

# चंडीगढ़ निगम चुनाव बैलेट पेपर से कराने की उठी मांग

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय): मनीमाजरा ई.डब्ल्यू.एस. रैजिडेंस वैल्फेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने हरियाणा और पंजाब के हालिया नगर निकाय चुनावों के नतीजों में आए बड़े अंतर पर सवाल उठाते हुए चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा की सामाजिक एवं भौगोलिक परिस्थितियां समान होने के बावजूद चुनावी परिणामों में बड़ा अंतर देखने को मिला।

उन्होंने इस विरोधाभास को लेकर ई.वी.एम. और बैलेट पेपर प्रणाली पर सार्वजनिक बहस की आवश्यकता बताई। राजबीर सिंह भारतीय ने चुनाव आयोग से ईवीएम की पारदर्शिता पर उठ रहे संदेहों को दूर करने के लिए आगामी दिसंबर 2026 के चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव तथा भविष्य के चुनावों में बैलेट पेपर के इस्तेमाल पर विचार करने की मांग की।

# निगम ने अवैध विक्रेताओं पर कार्रवाई की, 53 चालान काटे



निगम के प्रवर्तन विभाग के कर्मी सामान जब्त करते हुए।

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय): नगर निगम आयुक्त अमित कुमार के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम के प्रवर्तन विभाग ने आज शहर के विभिन्न हिस्सों में अनधिकृत दुकानों, अतिक्रमणों और उल्लंघनों के खिलाफ एक गहन शहरव्यापी प्रवर्तन अभियान चलाया।

विशेष अभियान के तहत, प्रवर्तन टीमों ने चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों से बिना अनुमति के संचालित लगभग 25 अनाधिकृत नारियल बिक्री स्थलों को हटाया। इस अभियान के दौरान तिरपाल, तरबूज की मेजें, तराजू और अन्य अतिक्रमणकारी सामग्री सहित कई वस्तुएं जब्त की गईं।

टीमों ने सैक्टर-26 के परिवहन क्षेत्र में भी एक विशेष अभियान चलाया, जहां नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करते हुए मछली बेचने वाले सात अवैध विक्रेताओं को हटाया गया। सेक्टर 28 स्थित मोटर मार्कीट में भी कार्रवाई की गई, जहां नियमों का उल्लंघन करते पाए गए छह वाहनों को जब्त किया गया। शाम को प्रवर्तन टीमों ने सैक्टर-34 स्थित फर्नीचर मार्कीट में नागरिक नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने और जनता की सुविधा बनाए रखने के लिए अभियान जारी रखा। दिनभर चले अभियान के दौरान विभिन्न उल्लंघनों के लिए कुल 53 चालान जारी किए गए।

यह अभियान शांतिपूर्ण ढंग से चलाया गया और नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने, सुव्यवस्थापूर्ण शहरी प्रबंधन सुनिश्चित करने और पूरे शहर में स्वच्छता एवं नागरिक अनुशासन बनाए रखने के निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है।

## राहगीर से फोन और पर्स छीनने वाले स्नैचर दबोचे

चंडीगढ़, 1 जून (सुशील राज): सैक्टर-45 बस स्टॉप के पास मोबाइल और नकदी छीनने वाले फरार दो स्नैचरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान बुड़ैल निवासी अमित व सलमान के रूप में हुई है।

सैक्टर-34 थाना पुलिस ने इमरान के बयानों पर स्नैचर सलमान, अमित समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया। बुड़ैल निवासी इमरान ने पुलिस को बताया कि सैक्टर-45 बस स्टॉप के पास से जा रहा था। तीन युवक आए और उसका मोबाइल व 2 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो पोस्ट मामले में आरोपी को नहीं मिली जमानत

### सैक्टर-26 पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई थी एफ.आई.आर.

चंडीगढ़, 1 जून (सुशील राज): इंटरनैट मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जुड़ा भ्रामक वीडियो पोस्ट करने वाले हसन मोहिउद्दीन सिद्दीकी को जिला अदालत से राहत नहीं मिली है। तेलंगाना (हैदराबाद) के हसन की दूसरी बार जमानत याचिका खारिज हुई। अपने फैसले में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सैशंस जज रोहित वत्स ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूर्ण अधिकार नहीं है। इसके साथ जिम्मेदारियां भी जुड़ी हैं। इंटरनैट मीडिया पर इस तरह की बेलगाम टिप्पणियां सभ्य समाज के लिए खतरनाक हैं। जज ने अपने आदेश में कहा कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की गरिमा और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली टिप्पणियां क्रूर हमला है। यदि ऐसी गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो इंटरनैट मीडिया यूजर्स को किसी भी व्यक्ति की प्रतिष्ठा धूमिल करने का खुला लाइसैंस मिल जाएगा। हसन ने एक वीडियो पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी 25 अप्रैल, 2026 से जेल में है। उसके अलावा मशहूर लेखिका दिल्ली निवासी 74 वर्षीय मधु किश्वर ने भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। सैक्टर-26 थाना पुलिस ने हसन और मधु समेत छह लोगों के खिलाफ पिछले महीने एफ.आई.आर. दर्ज की थी। हसन तो पकड़ा गया था, लेकिन मधु किश्वर को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मधु की अग्रिम जमानत अर्जी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। वहीं, हसन की नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने भी खारिज कर दी थी।

### आरोपी की दलीलें नहीं आई काम

आरोपी के वकील ने अदालत में दलील दी कि उसने प्रधानमंत्री पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की। उसने तो बस उस भ्रामक वीडियो को इंटरनैट मीडिया एक्स पर पोस्ट कर आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस ग्रोक से पूछा था कि क्या यह वीडियो असली है। हालांकि इन दलीलों को अदालत ने नहीं माना। आरोपी ने वीडियो को पोस्ट किया और उस पर प्रधानमंत्री का नाम भी लिख दिया। बस उस पोस्ट पर आरोपी ने आखिर में लिख दिया कि क्या यह असली है। ऐसे में आरोपी को इस स्थिति में निर्दोष नहीं माना जा सकता। इस आधार पर जज ने उसकी जमानत अर्जी रद्द कर दी। पूर्व भाजपा पार्षद और एडवोकेट सतिंदर सिंह ने चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी थी।

**लंबित मांगों को सुना** | मेयर ने भूमिगत तंदूर श्रमिकों को समर्थन का दिया आश्वासन , प्रतिनिधिमंडल मिला

# स्ट्रीट वैंडर पॉलिसी 2014 से लागू है, फिर भी कई भूमिगत तंदूर श्रमिकों को नहीं मिला लाभ

चंडीगढ़, 1 जून (रॉय): तंदूर श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी से मुलाकात की और उन्हें शहर भर में पारंपरिक भूमिगत तंदूर श्रमिकों द्वारा सामना की जा रही दीर्घकालिक समस्याओं से अवगत कराया।



तंदूर श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मेयर सौरभ जोशी से मुलाकात करते हुए।

बैठक के दौरान यूनियन सदस्यों ने बताया कि भूमिगत तंदूर 60 वर्षों से अधिक समय से चंडीगढ़ के निवासियों की सेवा कर रहे हैं और शहर की पारंपरिक भोजन संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित ये भूमिगत तंदूर निवासियों को किफायती और पारंपरिक खाना पकाने की सुविधा प्रदान करते आ रहे हैं और चंडीगढ़ की विरासत की एक अनूठी विशेषता बन गए हैं। श्रमिकों ने मेयर को बताया कि समाज में उनके लंबे योगदान के बावजूद उनमें से कई को पर्याप्त पुनर्वास या कल्याणकारी सहायता नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि हालांकि स्ट्रीट वैंडर पॉलिसी 2014 से लागू है, फिर भी कई भूमिगत तंदूर श्रमिकों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। वर्तमान में, चंडीगढ़ में 18 सक्रिय भूमिगत तंदूर श्रमिक सभी निर्धारित नियमों और विनियमों का सख्ती से पालन करते हुए काम कर रहे हैं, जिनमें अपशिष्ट का उचित निपटान, पर्यावरण सुरक्षा उपाय और स्वच्छता मानकों का रखरखाव शामिल है।

### समाज के प्रत्येक वर्ग को उचित सम्मान और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच का है अधिकार

मेयर ने श्रमिकों द्वारा उठाई गई चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहर की अर्थव्यवस्था में योगदान देने और इसकी पारंपरिक संस्कृति को संरक्षित करने वाले समाज के प्रत्येक वर्ग को उचित सम्मान और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच का अधिकार है। मेयर ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ चर्चा की सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि भूमिगत तंदूर श्रमिकों की वास्तविक समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जा सके। उन्होंने पात्र श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के महत्व पर भी बल दिया। तंदूर वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने मेयर के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उन्हें अपनी चिंताओं को प्रस्तुत करने का अवसर दिया और उनके लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने के लिए समर्थन का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### एच.सी.आई.एल. ने नई होंडा सिटी लॉन्च की

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एच.सी.आई.एल) ने अपनी नई होंडा सिटी लॉन्च की। साथ ही, अपनी ग्लोबल हाईब्रिड एस.यू.वी., ऑल-न्यू जैड.आर.-वी ई: एच.ई.वी. भी पेश की। कंपनी के प्रैजीडैंट एवं सी.ई.ओ तकाशी नाकाजीमा ने कहा कि होंडा सिटी के लॉन्च के साथ ही होंडा ने भारत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए होंडा जैड.आर.-वी भी पेश की है। यह एक प्रीमियम हाईब्रिड एस.यू.वी. है।

### रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 लॉन्च हुआ

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : रॉयल एनफील्ड ने भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाइकिल 'बुलेट' नए 650 सी.सी. इंजन के साथ पेश की। बी. गोविंदराजन एम.डी. यशर मोटर्स लिमिटेड और सी.ई.ओ, रॉयल एनफील्ड ने कहा कि ऑल-न्यू रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 में हम केवल बुलेट को नए रूप में पेश करना नहीं चाहते थे, बल्कि इसे मॉडर्निटी और ऑथेंटिसिटी के साथ और बेहतर बनाना चाहते थे।

### मिंत्रा ई.ओ.आर.एस की घोषणा

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : मिंत्रा ने एंड ऑफ रीज़न सेल के 24वें एडिशन की घोषणा की। रितेश मिश्रा एस.वी.पी. हैड ऑफ रैवेन्यू एंड कैटेगरी मिंत्रा ने कहा कि ई.ओ.आर.एस. के इस एडिशन में 6 मिलियन से अधिक स्टाईल मिलेंगे। इसके साथ ही 15,000 उभरते हुए ब्रांड मिंत्रा प्लेटफॉर्म की टैक्नोलॉजी, क्रिएटर ईकोसिस्टम और पूरे देश में पहुंच की मदद से भारत के करोड़ों ग्राहकों तक पहुंचेंगे।

### नियमों के उल्लंघन में सट्टेबाजी और रियल एस्टेट सबसे आगे

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : ए.एस.सी.आई. ने अपनी सालाना शिकायत रिपोर्ट 2025-2026 जारी की है। ए.एस.सी.आई. के चेयरमैन सुधांशु वत्स ने कहा कि तमाम सरकारी रोक-टोक के बावजूद विदेशों से चलने वाली सट्टेबाजी (ऑफशोर बेटिंग) से जुड़े विज्ञापन नियमों को तोड़ने में सबसे आगे रहे, जिनके खिलाफ सबसे ज़्यादा 6,933 मामले सामने आए। इसके बाद रियल एस्टेट (643 मामले) रहा ।

### एमेजॉन ने तीन एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : एमेजॉन ने पिंकीशी फाऊंडेशन, शी एंड वी वूमैन एंट्रप्रेन्योरशिप फाऊंडेशन और वेदांशी फाऊंडेशन के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए हैं। एमेजॉन इंडिया में डायरैक्टर ऑपरेशंस, सलीम रफीक मेमन ने कहा कि इसका मकसद एमेजॉन.इन के माध्यम से भारत के ग्राहकों तक पहुंचकर किफायती माहवारी हाईजीन प्रोडक्ट्स की उपलब्धता बढ़ाना है।

### विद्यार्थियों पर केंद्रित बेहतरीन टेक डील पेश की

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : फ्लिपकार्ट ने फ्लैगशिप 'बैक टू कैंपस' सेल का आयोजित की। सुजीत अगाशे, वाइस प्रैजीडैंट इलैक्ट्रॉनिक्स एट फ्लिपकार्ट ने कहा कि इस सेल में ए.आई. लैपटॉप, टेबलेट, स्मार्टवॉच और ऑडियो डिवाईस बेहतरीन टेक डील्स के साथ उपलब्ध कराए गए।

### दुबई का रियल ईस्टेट पंजाब के पहुंचा करीब

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : मेराकी डिवैल्पर्स के फाऊंडर एवं चेयरमैन अजय राजेंद्रन ने कहा कि पंजाब के ग्राहकों के लिए दुबई केवल छुट्टियां मनाने और घूमने की जगह नहीं है। यह उनका दूसरा घर बनता जा रहा है क्योंकि पंजाब से दुबई पहुंचना बहुत आसान है। यहां गोल्डन वीजा मिलता है और यहां से दैनिक उड़ानों की कनैक्टिविटी बहुत अच्छी है। स्थानीय निवेशकों को यह अपने जीवन और बिजनैस के लिए सुरक्षित और आसान महसूस होता है।'

### ब्लैक डॉग की नई पैकेजिंग पेश

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : डियाजियो इंडिया ने बेवरेज ब्रांड ब्लैक डॉग की नई पैकेजिंग पेश की है। कंपनी के अनुसार नए डिजाइन में 140 वर्षों पुरानी विरासत को आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया गया है। कंपनी के मार्कीटिंग एवं पोर्टफोलियो प्रमुख वरुण कूरिच ने बताया कि नई पैकेजिंग में पारंपरिक पहचान को बरकरार रखते हुए इसे नया स्वरूप दिया गया है।

# जे.एस.जे.बी. 2.0 की प्रगति समीक्षा की, जल संरक्षण परियोजनाओं में तेजी के निर्देश

■ पंचकूला को जल शक्ति अभियान 2.0 के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला बनाने का लक्ष्य


जिला सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त सतपाल शर्मा।

पंचकूला, 1 जून (मुकेश): उपायुक्त सतपाल शर्मा ने मंगलवार को जिले में जल शक्ति अभियान–जल संचय जन भागीदारी (जे.एस.जे.बी.) 2.0 के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की तथा सभी संबंधित विभागों को जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पंचकूला को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अग्रणी जिला बनाने के लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। जे.एस.जे.बी. 2.0 का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण को बढ़ावा देना, पारंपरिक जल निकायों का पुनर्जीवन तथा वनीकरण सहित जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। यह अभियान कृषि एवं ग्रामीण विकास सहित जल से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी समन्वय को भी बढ़ावा देता है।

### सरकारी संस्थानों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए

समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने वन विभाग को चेक डैम (लघु बांध) निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि अतिरिक्त वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके, जो सामान्यत: मानसून के दौरान बहकर व्यर्थ चला जाता है। उन्होंने कहा कि संचित जल का उपयोग सिंचाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों में किया जा सकता है। उन्होंने विकास एवं पंचायत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में तालाबों और जलाशयों का निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी.), विकास एवं पंचायत विभाग तथा नगर निगम को स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और अन्य सरकारी संस्थानों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

### टैंकों के जीर्णोद्धार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश

जल संरक्षण में जल निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए उपायुक्त सतपाल शर्मा ने विकास एवं पंचायत विभाग तथा सिंचाई विभाग को पारंपरिक जल निकायों और टैंकों के जीर्णोद्धार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा जल के संग्रहण और पुन: उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सोखता गड्ढों, स्थिरीकरण तालाबों तथा भूजल पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण पर भी बल दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा अपनी प्रगति की जानकारी जे.एस.जे.बी. पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए।

जिले के प्रदर्शन का आकलन पोर्टल पर अपलोड की गई पूर्ण हो चुकी रिचार्ज एवं जल भंडारण संरचनाओं की संख्या के आधार पर किया जाएगा। बैठक में मत्स्य विभाग के उपनिदेशक राजन खोड़ा, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक मेहरा, जिला बागवानी अधिकारी अशोक कौशिक तथा लोक निर्माण, पंचायत, शिक्षा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ढांडा ने उच्चतर और मौलिक शिक्षा विभाग का किया औचक निरीक्षण

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को दी चेतावनी

-कहा-कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता,15 दिनों में होगी कार्यों की समीक्षा


पंचकूला स्थित उच्चतर शिक्षा विभाग और मौलिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से बात करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा।

चंडीगढ़/पंचकूला, 1 जून(बंसल/मुकेश): हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आज एक्शन मोड में नजर आए। प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और सरकारी कामकाज में तेजी लाने के उद्देश्य से उन्होंने आज पंचकूला स्थित उच्चतर शिक्षा विभाग और मौलिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कार्यालयों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति व फाइलों के निपटान की स्थिति को देखा।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनता और पात्र लाभार्थियों के काम समय पर होने चाहिए। इसके लिए सभी कर्मचारी और अधिकारी तय समय सीमा के भीतर अपने कार्यों का निर्वहन करें। आम जनता को अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पडें। उन्होंने चेताया कि कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कोताही बरतने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ स अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### डाटा प्रतिदिन करें ऑनलाइन, लंबित मामले एक सप्ताह में हों हल

डिजिटलाइजेशन और आधुनिक कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागों का सारा डाटा प्रतिदिन अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपडेट होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सामने आए लंबित मामलों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि जो भी उत्तर या फाइलें लंबे समय से पेंडिंग हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर हर हाल में अपडेट कर लिया जाए। यदि तय समय सीमा के अंदर पेंडिंग कार्य पूरे नहीं हुए, तो संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े मामलों पर भी गंभीर रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि विभाग के कर्मचारियों के मेडिकल बिल तय समय सीमा के भीतर पास हो जाने चाहिए। कर्मचारियों को उनके हक के पैसों के लिए परेशान नहीं किया जाना चाहिए। श्री ढांडा ने कहा कि यदि मेडिकल बिलों के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही पाई गई, तो इसके लिए सीधे तौर पर संबंधित विभागाध्यक्ष और संबंधित पटल के कर्मचारी जिम्मेदार होंगे।

### रिव्यू में निर्देशों के पालन की जांच होगी

प्रशासनिक सुधार और निगरानी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह केवल एक बार का निरीक्षण नहीं है, बल्कि वह खुद हर 15 दिन में अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों का बारीकी से समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि पाक्षिक समीक्षा के दौरान यह देखा जाएगा कि दिए गए निर्देशों का कितना पालन हुआ है।

जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपने काम के प्रति लापरवाह पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक जितेंद्र दहिया और उच्चर शिक्षा विभाग के निदेशक एस नारायणन व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इनैलो ने महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन


जिला सचिवालय के बाहर प्रदर्शन के बाद एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष शहरी मनोज अग्रवाल व अन्य।

पंचकूला, 1 जून (मुकेश): इंडियन नैशनल लोकदल (इनैलो) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पैट्रोल, डीजल, एल.पी.जी., सी.एन.जी., तारकोल आदि की बढती महंगाई के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सतिंदर टोनी, शहरी जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में उपमंडल अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष सतिंदर टोनी ने कहा कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता, अपितु इस का असर हर आदमी के रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर भी पडता है। जिलाध्यक्ष शहरी मनोज अग्रवाल ने आरोप लगाया कि दाम बढ़ने से किसान की खेती की लागत बढ़ गई है। होटल, ढाबों पर खाने के डेढ़ गुणा हो गए हैं । पंचकूला प्रभारी संदीप गोयत ने कहा कि अगले महीने स्कूल खुलते ही स्कूल बसों की फीस बढ जाना निश्चित है जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ना तय है। व्यापार सैल जिलाध्यक्ष शिट्टू राणा ने कहा घी, तेल, चीनी, चावल दालों समेत हर वस्तु महंगी हो गई है। महिला जिलाध्यक्ष सुरेश ने कहा कि महिलाओं को रसोई चलानी मुश्किल हो गई है। ज्ञापन में सरकार से पैट्रोल डीजल को जी.एस.टी. के दायरे में लाने, एक्साइज ड्यूटी खत्म करने तथा दाम घटाने मांग की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राकेश गोयल, सत्यव्रत धनखड़, पंचकूला हल्काध्यक्ष गुरदास, किसान सैल जिलाध्यक्ष जय किशन, एस.सी. सैल जिलाध्यक्ष गुरदीश, आई.एस.ओ. जिलाध्यक्ष मनोज गुर्जर, निगम चुनाव लड़ चुके आशीष रंगा आदि सैंकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा, अब तक 5 दबोचे

पंचकूला, 1 जून (मुकेश): पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 ने अंतर्राज्यीय हैरोइन तस्करी नैटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के फाजिल्का जिले के रहने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महिन्द्र सिंह उर्फ मिन्दी, जसविन्द्र सिंह उर्फ छिन्दी तथा राकेश उर्फ अरमान उर्फ रमेश के रूप में हुई है। तीनों जिला फाजिल्का (पंजाब) के रहने वाले है। इन तीनों को 3 किलो 89 ग्राम हैरोइन और भारी मात्रा में ड्रग्स मनी बरामदगी से जुड़े एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक करीब 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

तीनों आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें अदालत में पेश कर 8 दिन का रिमांड प्राप्त किया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ की गई। डी.सी.पी. क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि मामले की जांच लगातार जारी है तथा तस्करी नैटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। आज तीनों आरोपियों का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

## सी.एम. के दौरे को लेकर सड़कों को दुरुस्त करने का काम जारी


मोरनी-पंचकूला मार्ग पर गांव टिकरी के पास चकाचक सड़क।

मोरनी, 1 जून (अनिल): बरसात का एक साल बीतने के बावजूद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरनी खंड की दर्जन भर से ज्यादा सडकों पर गिरी बचाव दीवारें लगाने बारे अभी तैयारी भी शुरू नहीं की और बरसात का मौसम शुरू होने वाला है।

मोरनी थापली मार्ग, मोरनी-रायपुररानी, मोरनी बड़याल नीमवाला, मोरनी समलौठा, मोरनी हराघाट, मोरनी बड़ीशेर, मोरनी धामण, थापली धामण, मोरनी टिक्करताल, पंचकूला मोरनी वाया नाडा साहब सहित सभी सड़कों पर बरसात में पहाड़ खिसकने के कारण बचाव दीवारें गिरी पड़ी हैं। जिस कारण सड़कों पर चाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा एक साल बाद जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी 3 जून को मोरनी का दौरा करने वाले हैं। तब जाकर लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ों से गिरा मलवा हटाना शुरू किया और सड़कों में पड़े गड्ढों को भरा जा रहा है।

### गांव खगेसरा में पुलिस ने चलाया सर्च ऑप्रेशन

बरवाला, 1 जून (रामेन्द्र): पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "मैदान 2.0" के तहत सोमवार को खगेसरा गांव में बड़े स्तर पर सर्च ऑप्रेशन चलाया गया। 28 मई से शुरू हुए इस अभियान के तहत जिलेभर में संदिग्ध गतिविधियों और नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान में थाना चंडीमंदिर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पैक्टर रामपाल सिंह, रामगढ़ चौकी इंचार्ज तिजेंद्रपाल सिंह, बरवाला चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह, महिला पुलिस कर्मचारी तथा डॉग स्क्वॉड टीम शामिल रही।

## एम.डी.सी. में मोटरसाइकिल स्लिप होने से व्यक्ति की मौत

पंचकूला, 1 जून (मुकेश): एम.डी.सी. क्षेत्र में रविवार देर रात एक बाइक सवार का संतुलन बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सकेतड़ी निवासी जसविंदर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब एक बजे जसविंदर अपनी बाइक पर घर की ओर जा रहे थे। जब वह एम.डी.सी. स्थित पंचकमल कार्यालय के समीप पहुंचे तो अचानक उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं।

घटना के समय मौके पर पुलिस कर्मी नाके पर मौजूद थे। पुलिसकर्मियों ने तुरंत घायल जसविंदर को ऑटो की सहायता से सैक्टर-6 सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया। हालांकि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एमडीसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

## चंडीमंदिर टोल प्लाजा पर गुरुद्वारा नाडा साहिब की बसें रोके जाने पर जताया रोष

उपायुक्त से मिली संगत, धार्मिक वाहनों को छूट देने की मांग


पंचकूला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते सिख संगत एवं पदाधिकारी।

पिंजौर, 1 जून (रावत): हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं, नाडा साहिब की ओर से चंडीमंदिर टोल प्लाजा प्रबंधन पर धार्मिक कार्यों में उपयोग होने वाले वाहनों को बार-बार रोकने का आरोप लगाया गया है।

टोल प्रबंधन से धार्मिक संस्थाओं के वाहनों को आने-जाने में राहत देने की मांग की गई है। जानकारी अनुसार सोमवार को गुरुद्वारा नाडा साहिब में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट की ओर से आयोजित गुरमति कैंप में भाग लेने वाले पिंजौर और बरवाला के बच्चों को लाने-ले जाने के लिए लगाई गई बसों को भी चंडीमंदिर टोल प्लाजा पर फिर रोकने का मामला सामने आया। बताया गया कि गुरुद्वारा नाडा साहिब का लैटर हैड दिखाने के बावजूद बसों को नहीं छोड़ा गया। बाद में सीनियर उप प्रधान गुरमीत सिंह रामसर द्वारा टोल प्रबंधन से बातचीत करने के बाद बसों को आगे जाने की अनुमति मिली। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं गुरुद्वारा नाढ़ा साहिब प्रबंधन ने आज उपायुक्त को सौंपा। उन्होंने प्रशासन एवं टोल प्रबंधन से मांग की है कि जिन वाहनों की आरसी गुरुद्वारा नाडा साहिब या हरियाणा कमेटी के नाम पर हो अथवा जिनके पास गुरुद्वारा नाडा साहिब का अधिकृत लैटरहैड हो, उन्हें टोल प्लाजा पर आने-जाने में छूट प्रदान की जाए। इस संबंध में हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सीनियर उप प्रधान गुरमीत सिंह रामसर एवं गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं, नाडा साहिब, पंचकूला के प्रबंधन ने उचित कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सीनियर मैंबर स्वर्ण सिंह ,मैनेजर गुरुद्वारा नाडा साहब परमजीत सिंह शेरगढ़ हैड ग्रंथी जगजीत सिंह दविंदर सिंह जोला और भी संगत मौजूद रही।

### खंडहर हरिजन चौपाल की जगह बनेगी नई चौपाल, 20 लाख मंजूर

मोरनी, 1 जून (अनिल): ग्राम पंचायत भोज जब्याल की हरिजन बस्ती में स्थित जर्जर और खंडहर बन चुकी हरिजन चौपाल के दिन अब जल्द ही बदलने वाले हैं। क्षेत्रीय विधायक शक्तिरानी शर्मा ने अपने विधायक निधि से चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए 20 लाख का बजट मंजूर किया है। इस घोषणा के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

जानकारी के अनुसार खंड मोरनी पंचायत के वार्ड नंबर-3 में स्थित यह चौपाल लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। पंचायत की सरपंच काजल शर्मा, युवा दीपक शर्मा तथा पंचायत सदस्यों ने चौपाल के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर विधायक को मांग पत्र सौंपा था, जिसके बाद विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बजट स्वीकृत कर दिया। सरपंच काजल शर्मा ने बताया कि हरिजन बस्ती के लोग लंबे समय से नई चौपाल निर्माण की मांग कर रहे थे, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। चौपाल की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि वहां कभी भी हादसा हो सकता था। बजट स्वीकृत होने के बाद अब जल्द ही नए भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पंचायत सदस्य दुर्गी देवी, मंजू देवी, ज्योति देवी, भगवान दास, ओमप्रकाश और मोहन सहित अन्य ग्रामीणों ने विधायक शक्तिरानी शर्मा, सरपंच काजल शर्मा और युवा दीपक शर्मा का आभार व्यक्त किया।

**निर्देश दिए** मानसून से पहले सफाई और मूलभूत सुविधाओं पर जोर, मेयर ने पार्षदों के साथ की बैठक

# पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों के मुद्दे उठाए


नगर निगम कार्यालय में मेयर शाम लाल बंसल सभी पार्षदों के साथ बैठक करते हुए।

पंचकूला, 1 जून (मुकेश): पंचकूला के मेयर शाम लाल बंसल ने सोमवार को शहर के नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर चर्चा की। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों से संबंधित मुद्दे उठाए और उनके समाधान की मांग की। मेयर शाम लाल बंसल ने कहा कि पंचकूला के चहुंमुखी विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा।

नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। बैठक में पार्षदों ने मानसून से पहले शहर की सभी सड़कों, गलियों और नालों की व्यापक सफाई करवाने की मांग रखी। इस पर मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले सफाई कार्य पूरी गंभीरता के साथ कराया जाए, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से बचा जा सके। वार्ड-4 के पार्षद भारत हितैषी ने कहा कि सड़कों और गलियों की समय पर सफाई बेहद आवश्यक है, क्योंकि गंदगी और अवरुद्ध निकासी व्यवस्था के कारण बरसात के दौरान कई स्थानों पर पानी भर जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। वहीं वार्ड-5 के पार्षद जय कौशिक ने पार्कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

पार्षद सुरेश वर्मा ने भी अपने वार्ड से संबंधित विभिन्न मांगें और समस्याएं बैठक में रखीं। महिला पार्षद प्रियंका कुंडलास ने गांव कुंडी और सेक्टर-20 क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था बेहतर करने तथा नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने की मांग उठाई। मेयर शाम लाल बंसल ने सभी पार्षदों को आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कर समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ब्रिंग स्नेधू टुगेदर ट्रेंड ने किया भावुक

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : जी टी.वी. के शो 'गंगा माई की बेटियां' के दर्शक तेजी से बढ़ रहे #ब्रिंग स्नेधू टुगेदर मूवमैंट के जरिए मेकर्स और जी टी.वी. से सिद्धू और स्नेहा को फिर साथ लाने की मांग कर रहे हैं। इस ट्रेंड को मिल रहे जबरदस्त सपोर्ट ने शो के लीड एक्टर्स अमनदीप सिद्धू और शीजान खान का भी ध्यान खींचा है। दोनों ने माना कि दर्शकों से मिल रहा इतना प्यार उन्हें बेहद भावुक कर रहा है।

### टैफे ने 50,000 ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार किया

चंडीगढ़, 1 जून (स.ह.) : ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) के प्रसिद्ध मैसी फर्ग्यूसन डायनाट्रैक सीरीज ने 50,000 ट्रैक्टरों का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। टैफे की उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी वेणु ने कहा कि यह उपलब्धि ग्राहकों की मजबूत मांग के चलते हासिल हुई है और यह इस बात को दर्शाती है कि वर्षों से भारत भर के किसानों ने एम.एफ. डायनाट्रैक रेंज पर लगातार अपना भरोसा जताया है।

## 19,400 फीट ऊंचाई पर विश्व रिकॉर्ड बनाने निकला 30 जिम्नी वाहनों का काफिला



पंचकूला, 1 जून (बी.एन.-3052) : भारत के मारुति सुजुकी जिम्नी मालिकों के प्रमुख समुदाय कर्बओवर ने 31 मई से अपने सबसे बड़े हिमालयी अभियान 'क्लोजर टू हेवन' की शुरूआत करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत 30 जिम्नी वाहनों में सवार 65 से अधिक प्रतिभागी 14 दिनों की लगभग 3,000 किलोमीटर लंबी यात्रा पर रवाना होंगे। अभियान का लक्ष्य पूर्वी लद्दाख स्थित मिग ला दर्रे (19,400 फीट) तक पहुंचकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में 'दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क तक पहुंचने वाले एक ही मॉडल के चार पहिया वाहनों के सबसे बड़े काफिले' का रिकॉर्ड दर्ज कराना है।

कर्बओवर के संस्थापक मानिक आहूजा ने बताया कि यह केवल एक एडवेंचर ट्रिप नहीं, बल्कि इंसान और मशीन दोनों की क्षमता की कठिन परीक्षा है। 15-15 वाहनों के दो काफिले 45 मिनट के अंतराल पर रवाना होंगे और जांस्कर, नुब्रा घाटी तथा पैंगोंग झील से होते हुए मिग ला पहुंचेंगे। यात्रा के दौरान रोहतांग, शिंकुला ला, पेंसी ला, जोजी ला, खारदुंग ला और मिग ला सहित छह प्रमुख पर्वतीय दर्रों को पार किया जाएगा। रिकॉर्ड प्रयास 8 जून को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 19,400 फीट की ऊंचाई पर ऑक्सीजन का स्तर सामान्य से लगभग आधा रह जाता है, जिससे वाहन प्रदर्शन और मानव शरीर दोनों प्रभावित होते हैं। अभियान में आपातकालीन ऑक्सीजन, चिकित्सा सहायता और विशेष एक्लाइमेटाइजेशन योजना शामिल की गई है। इस अभियान में पांच वर्षीय मेहविश खान से लेकर 70 वर्षीय सुरेश आद्या तक चार पीढ़ियों के प्रतिभागी शामिल हैं।

Loot Blink

# SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!

JOIN INDIA'S MOST TRUSTED

# DEALS CHANNEL

SAVE MORE SPEND LESS!

100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED

SAB PE BADI BACHAT!

UP TO 90% DISCOUNT DEALS

BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK

LIMITED STOCK

JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!

- boat Airdopes 141 TWS Earbuds — ~~₹2,990~~ ₹249 — 92% OFF — YOU SAVE ₹2,741
- Noise Pulse 2 Smart Watch — ~~₹4,999~~ ₹349 — 93% OFF — YOU SAVE ₹4,650
- iPhone 13 128GB — ~~₹59,900~~ ₹5,399 — 91% OFF — YOU SAVE ₹54,501
- SAMSUNG 32" HD Smart TV — 89% OFF — YOU SAVE ₹25,800
- realme Narzo N55 (6GB+128GB) — ~~₹13,999~~ ₹799 — 94% OFF — YOU SAVE ₹13,200
- ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) — 90% OFF — YOU SAVE ₹40,491
- GREEN SOUL Office Chair Ergonomic — ~~₹14,999~~ ₹1,499 — 92% OFF — YOU SAVE ₹17,500
- SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD — ~~₹6,999~~ — 91% OFF — YOU SAVE ₹6,400
- WILDCRAFT Backpack — ~~₹1,999~~ ₹149 — 93% OFF — YOU SAVE ₹1,850
- PHILIPS Trimmer Series 3000 — ~~₹1,995~~ ₹199 — 90% OFF — YOU SAVE ₹1,796
- AGARO Air Fryer 4.5L — ~~₹6,999~~ ₹699 — 90% OFF — YOU SAVE ₹6,300
- PUMA Men's Running Shoes — ~~₹3,999~~ — 91% OFF — YOU SAVE ₹3,650
- ZEBRONICS Study Headphones with Mic — ~~₹1,499~~ ₹169 — 89% OFF — YOU SAVE ₹1,330
- PORTABLE Laptop Table Foldable — ~~₹1,299~~ ₹129 — 90% OFF — YOU SAVE ₹1,170
- boAt Stone 650 Bluetooth Speaker — ~~₹3,999~~ ₹199 — 95% OFF — YOU SAVE ₹3,800

UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS | PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW | 100% GENUINE PRODUCTS | FAST DELIVERY ACROSS INDIA

DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!

ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!

JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
- Instant Deal Alerts
- Exclusive Offers
- Limited Stock Updates

CLICK HERE

JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
- Latest Deals & Offers
- Price Drops Alerts
- Limited Time Offers

CLICK HERE

SAVE TIME SHOP SMART | SAVE MONEY LIVE BETTER | SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE! | SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.

JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!




चंडीगढ़, 1 जून (आशीष) :सैक्टर-8 स्थित डी.ए.वी. लाहौर ने स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारंभ हवन से हुआ जिसमें विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने पूर्णतया भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को नैतिक और नीतिपरक सिद्धांतों में दृढ़ रहते हुए उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। (परमजीत)

क्रिकेट स्टेडियम न्यू चंडीगढ़ में 6 जून से भारत-अफगानिस्तान के बीच पहला टैस्ट मैच

# अफगानिस्तान टीम पहुंची शहर

## आज पहुंचेगी भारतीय टीम, दोनों टीमें करेंगी जमकर प्रैक्टिस

चंडीगढ़, 1 जून(लल्लन): महाराजा यादविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम न्यू चंडीगढ़ में 6 जून से भारत व अफगानिस्तान के बीच होने वाले टैस्ट मैच को लेकर सोमवार को अफगानिस्तान टीम के सदस्य एक-एक करके शाम तक शहर पंहुच चुके है। यह पहला मौका है जब न्यू चंडीगढ़ क्रिकेट स्टेडियम में पहला टैस्ट मैच खेला जाएगा। जानकारी के अनुसार भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार दोपहर तक शहर पहुंच जाएगी। इसके साथ ही दोनों टीमों ने अपना शैड्यूल जारी कर दिया है।

इसके तहत अफगानिस्तान टीम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम न्यू चंडीगढ़ में सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे अभ्यास करेंगी, जबकि भारतीय टीम दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक अभ्यास सत्र में भाग लेगी।

आई.पी.एल. फाइनल में सी.पी.एल. का प्रचार

## 'धुरंधर' टी-शर्ट बनी आकर्षण का केंद्र

चंडीगढ़,1 जून(लल्लन): रविवार रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल के दौरान यू.टी.सी.ए के पदाधिकारियों ने चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (सी.पी.एल) का अनूठे अंदाज में प्रचार कर ध्यान आकर्षित किया। यू.टी.सी.ए पदाधिकारी शहर के धुरंधर टैगलाइन वाली सी.पी.एल टी-शर्ट पहनकर मैदान में पहुंचे जो क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गई।

इस अवसर पर यू.टी.सी.ए के फाउंडर प्रेसिडेंट संजय टंडन, प्रेसिडेंट सारांश टंडन, सचिव हरि सिंह खुराना और कोषाध्यक्ष आलोक कृष्ण मौजूद रहे। उनकी सी.पी.एल ब्रांडेड टी-शर्ट ने दर्शकों, क्रिकेट अधिकारियों और खेल प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचा तथा लीग के प्रति उत्सुकता पैदा की।



यू.टी.सी.ए. के फाऊंडर प्रैजीडैंट संजय टंडन, प्रैजीडैंट सारांश टंडन, सचिव हरि सिंह खुराना और कोषाध्यक्ष आलोक कृष्ण मौजूद रहे। (परमजीत)

आई.पी.एल फाइनल के दौरान संजय टंडन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी) के चेयरमैन जय शाह से भी मुलाकात की। सी.पी.एल 8 से 26 जून तक चलेगा।

## चंडीगढ़ गोल्फ लीग-2026 के लिए तीन नई टीमों की नीलामी

चंडीगढ़, 1 जून (लल्लन) : चंडीगढ़ गोल्फ क्लब ने रविवार को आयोजित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के दौरान चंडीगढ़ गोल्फ लीग-2026 के लिए तीन नई फ्रैंचाइजी टीमों की नीलामी की। तीनों टीमों की बोली क्रमश: 65 लाख, 63 लाख और 61 लाख रुपए में लगी। नीलामी में भाग लेने के लिए 6 संभावित बोलीदाताओं ने आवश्यक राशि जमा करवाई थी, लेकिन बोली उनके अनुमानित बजट से आगे निकलने के कारण कई पीछे हट गए। तीन नई टीमों के शामिल होने से चंडीगढ़ गोल्फ लीग ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस लीग ने शौकिया और पेशेवर गोल्फरों, कॉर्पोरेट लीडर्स और खेल प्रेमियों को एक मंच पर लाकर टीम आधारित प्रारूप के माध्यम से उत्तर भारत में प्रतिस्पर्धी गोल्फ को नई पहचान दी है।

**क्लब की सामाजिक और विकासात्मक योजनाओं पर खर्च होगी नीमाली से मिली राशि :** फ्रैंचाइजी नीलामी से प्राप्त धनराशि को चंडीगढ़ गोल्फ क्लब की विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक योजनाओं में लगाया जाएगा। इनमें जूनियर गोल्फ विकास कार्यक्रम, कैडी टूर्नामैंट, कोर्स स्टाफ के बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता, कल्याणकारी परियोजनाएं और परिवारों के लिए कौशल विकास पहल शामिल हैं। क्लब लंबे समय से जमीनी स्तर के उभरते खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। चंडीगढ़ गोल्फ क्लब के अध्यक्ष मेजर आर.एस. विर्क (सेवानिवृत्त) ने कहा कि अक्तूबर में आयोजित होने वाली चंडीगढ़ गोल्फ लीग-2026 में शीर्ष पेशेवर खिलाड़ी, अनुभवी शौकिया गोल्फर और उभरते जूनियर खिलाड़ी भाग लेंगे। यह लीग उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा और सामुदायिक सहभागिता के अनोखे मिश्रण के लिए जानी जाती है।

## गुरुकुल ग्लोबल के चैंपियन खुशनाज ने बढ़ाया मान



*बास्केटबॉल खिलाड़ी खुशनाज सिंह बैदवान। (परमजीत)*

चंडीगढ़,1 जून (लल्लन) : गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के कक्षा 12वीं (ह्यूमैनिटीज) के छात्र खुशनाज सिंह बैदवान ने दक्षिण एशियाई बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतियोगिता फीबा अंडर-18 एशिया क्वालिफायर्स के लिए कोलम्बो में आयोजित की गई।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि खुशनाज की अथक मेहनत, खेल के प्रति समर्पण, उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा अदम्य जज्बे का परिणाम है। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारतीय जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करना गुरुकुल ग्लोबल परिवार के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधन ने खुशनाज सिंह बैदवान को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## क्रिकेट टूर्नामैंट : दिल्ली की टीम ने जीता खिताब

चंडीगढ़,1 जून (लल्लन): नेत्रहीन पुरुषों का द्विपक्षीय क्रिकेट टूर्नामैंट में तीन दिनों के उत्साह, खेल भावना और समावेशी खेलों के प्रति प्रतिबद्धता के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश कुमार कपिला उपस्थित रहे, जो क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द विजुअली चैलेंज्ड पर्सन्स के मुख्य संरक्षक हैं। टूर्नामैंट में चंडीगढ़ और दिल्ली की टीमों ने हिस्सा लिया। निर्धारित तीन मैचों में से केवल शुरूआती मैच ही सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सका, जिसमें दिल्ली की टीम विजयी रही। शेष दो मैचों को स्थगित करना पड़ा, क्योंकि मैदान गीला होने की स्थिति नेत्रहीन खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं थी।

## थिएटर कार्यशालाओं के साथ समर फैस्ट का शुभारंभ




चंडीगढ़, 1 जून (आशीष) : सैक्टर 17 टी.एस. सैंट्रल स्टेट लाइब्रेरी ने समर फैस्ट-2026 का शुभारंभ किया। लाइब्रेरी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं में 90 बच्चों ने भाग लिया। फैस्टीवल का शुभारंभ 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए इंटरैक्टिव कहानी सुनाने और प्रकृति अन्वेषण सत्र कहानी किरण द्वारा नेचर ट्रेल के साथ हुआ। प्रसिद्ध बाल पुस्तक लेखिका और कहानीकार किरण कौर द्वारा संचालित इस कार्यशाला ने युवा शिक्षार्थियों को कहानियों, कल्पना, अवलोकन और खेल-खेल में की जाने वाली गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। (परमजीत)

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर युवाओं को दिया नशामुक्त भारत का संदेश

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष) : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दता सनातन धर्म कॉलेज के एन.एस.एस. सैल, वाडा क्लब एवं एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा जनरेशन सेवियर एसोसिएशन मोहाली के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी, कर्त्तव्यनिष्ठ युवा के संस्थापक एवं 'एक ईंट शहीद के नाम' अभियान के संयोजक संजीव राणा ने विद्यार्थियों से कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या का समाधान तभी संभव है, जब समाज स्वयं इसकी जड़ों तक पहुंचे और इसके विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा करे।

संजीव राणा ने कहा हम नशे के रूप में एक बारूद के ढेर पर बैठे हैं। चुनौती बड़ी है, लेकिन विश्वास उससे भी बड़ा है। यदि समाज, युवा शक्ति और शैक्षणिक संस्थान एकजुट होकर आगे आएं तो बारूद को रंगों में बदल सकते हैं। युवाओं को खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ सकते हैं तथा नशामुक्त और देशभक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और युवा यदि सही दिशा में आगे बढ़ेंगे तो देश निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम का किया शुभारंभ

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष): सैक्टर 11 स्थित पोस्ट-ग्रैजुएट गवर्नमैंट कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए सैक्टर-32 स्थित गवर्नमैंट मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया है।

इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, अनुभवात्मक अधिगम तथा स्वास्थ्य प्रशासन एवं रोगी सेवा प्रणाली की प्रत्यक्ष समझ प्रदान करना है। विद्यार्थियों के कल्याण, कौशल विकास एवं समग्र व्यक्तित्व निर्माण को प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय ने इस इंटर्नशिप कार्यक्रम की व्यवस्था की है, जिससे कक्षा में प्राप्त ज्ञान और वास्तविक जीवन के अनुभवों के बीच की दूरी को कम किया जा सके। यह कार्यक्रम छात्रों में व्यावसायिक दक्षता, संचार कौशल, टीमवर्क तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। प्राचार्या प्रोफैसर रमा अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुभवात्मक एवं बहुविषयक शिक्षा पर विशेष बल देती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के इंटर्नशिप अवसर विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों को समझने, व्यावहारिक कौशल विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता प्रदान करते हैं।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका डारा ने कहा कि इंटर्नशिप कार्यक्रम एन.एस.एस. के मूल सिद्धांतों सेवा, अधिगम और सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

यादगार अनुभव | केपटाउन मैराथन 2026 में शहर के रनर्स का शानदार प्रदर्शन

# 42.195 कि.मी. की चुनौतीपूर्ण दौड़ को घेरा ने 4 घंटे 9 मिनट और बत्रा ने 4 घंटे 59 मिनट में किया पूरा

चंडीगढ़,1 जून (लल्लन): शहर के रनर्स राजीव बत्रा और योगेश घेरा ने पिछले रविवार दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित विश्व प्रसिद्ध केपटाउन मैराथन 2026 सफलतापूर्वक पूरी कर शहर का नाम रोशन किया।

इस अंतरराष्ट्रीय मैराथन में दुनिया भर से 44,500 से अधिक रनर्स ने हिस्सा लिया। मैराथन में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियां शामिल थीं। इनमें से लगभग 27,000 धावकों ने पूर्ण 42.195 किलोमीटर मैराथन दौड़ में भाग लिया, जो इसे अफ्रीका की सबसे बड़ी रोड रनिंग में से एक है। अनुभवी रनर्स योगेश घेरा (52) और राजीव बत्रा (55) ने भी 42.195 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। योगेश घेरा ने 4 घंटे 09 मिनट का समय दर्ज किया, जबकि राजीव बत्रा ने 4 घंटे 59 मिनट में मैराथन पूरी की। केपटाउन मैराथन 2026 का विशेष महत्व इसलिए भी रहा क्योंकि यह वर्ष 2027 में प्रतिष्ठित एबॉट वर्ल्ड मैराथन मेजर्स सर्किट में शामिल होने से पहले अंतिम इवेल्यूशन रन थी। अपनी तेज, समतल और बेहद खूबसूरत रूट के लिए प्रसिद्ध यह मैराथन धावकों को केपटाउन शहर के प्रमुख स्थलों से होकर ले जाती है, जहां टेबल माउंटेन, अटलांटिक तट रेखा और अन्य दर्शनीय स्थलों के मनमोहक दृश्य देखने को मिलते हैं।




*केपटाउन मैराथन 2026 में शहर के रनर्स राजीव बत्रा और योगेश घेरा अपने पदक के साथ (परमजीत)*

योगेश घेरा और राजीव बत्रा पिछले एक दशक से अधिक समय से लंबी दूरी की दौड़ों में सक्रिय हैं। इन रनर्स ने न्यूयॉर्क, शिकागो, बोस्टन, बर्लिन, लंदन और टोक्यो सहित विश्व की छह प्रमुख मैराथन के अलावा कई अन्य अंतरराष्ट्रीय मैराथनों में भी भाग ले चुके हैं।

फिनिश लाइन पार करने के बाद दोनों रनर्स ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित मैराथनों में से एक में भाग लेना उनके लिए यादगार अनुभव रहा।

# विचार बदलोगे तो निखरेगा जीवन

**कहते** हैं कि मनुष्य के विचार ही मनुष्य को सुखी और दुखी बनाते हैं और जो विचार मन में घर कर लेते हैं, वही धीरे-धीरे फिर हमारी वास्तविकता बन जाते हैं।

अत: जिस मनुष्य के विचार उसके नियंत्रण में हैं, वह सुखी है और जिसके विचार उसके नियंत्रण में नहीं रहते, वह सदा दुखी रहता है।

ऐसा व्यक्ति अक्सर अपने दुख का कारण खुद को न मानकर किसी व्यक्ति, वस्तु या बाह्य पदार्थ को मानता है। इस प्रकार की क्रिया को आधुनिक मनोविज्ञानी 'आरोपण की क्रिया' कहते हैं। मनोवैज्ञानिकों के मतानुसार जिस व्यक्ति के विचार उसके अनुकूल हैं, वह सभी प्रकार के लोगों, परिस्थितियों और भाग्य को अपने अनुकूल पाता है, इसके विपरीत जिस व्यक्ति के विचार प्रतिकूल होते हैं, उसे अपने चारों ओर शत्रु ही शत्रु दिखाई पड़ते हैं।



विचारों की इस मलिनता के परिणामस्वरूप उसके आसपास का वातावरण भी दूषित हो जाता है और मित्र भी शत्रु बन जाते हैं तथा सफलता भी विफलता में परिणत हो जाती है।

इसीलिए ही ऋषि-मुनि एवं विद्वानों द्वारा हमें सदैव यह सीख मिलती रही है कि 'अपनी चिंतन की धारा बदल दो तो चिंता का रूप मिट जाएगा' अर्थात यह कि हम चिंतन अवश्य करें, किन्तु इस बात का खास ध्यान रखें कि वह चिंतन व्यर्थ में परिवर्तित न हो जाए।

मनोचिकित्सकों के अनुसार ऐसा चिंतन जिसका कोई उद्देश्य न हो, जिसे करने से कोई सार्थक परिणाम सामने न आए सिवाय तनाव के, वही व्यर्थ चिन्तन है और उसी का परिणाम चिंता, तनाव, डिप्रैशन, ब्लड प्रैशर, सिरदर्द, बेचैनी, अनिद्रा आदि के रूप में सामने आता है।

आज के इस भाग-दौड़ भरे युग में व्यर्थ चिंतन एक महामारी की तरह फैल रहा है जिससे हर आयु वर्ग का व्यक्ति किसी न किसी रूप में पीड़ित है।

हमारे मन में विचार तरंगें निरंतर उठती ही रहती हैं, इसीलिए उनकी उपेक्षा करना संभव नहीं है क्योंकि वह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। हमारे कर्म जो आंखों से दिखाई देते हैं, वे इन अदृश्य किन्तु अति समर्थ विचारों का ही तो दृश्य रूप हैं।

ठीक वैसे ही जैसे नदी की धारा ऊपर से शांत दिखती है, किन्तु भीतर से उसमें अनेक भंवर और धाराएं प्रवाहित होती रहती हैं। अत: हमें इस बात के प्रति पूरी तरह से सतर्क रहना चाहिए कि हमारे मन-मस्तिष्क में किस प्रकार के विचार आ-जा रहे हैं, अन्यथा गंदे और निरुपयोगी विचार मन-मस्तिष्क में उठकर वैसे ही गंदे, निरुपयोगी कामों में मनुष्य को कार्यरत कर देते हैं।

ऐसे विचारों को रोकने और निकाल फैंकने में प्रारंभ में तो हमें कठिनाई अवश्य होगी, किन्तु थोड़े से ही अभ्यास से यह कार्य सरल हो जाता है।

आत्म-अभिमानी अवस्था में रहने से, ध्यान का अभ्यास करने से, दिनचर्या सुव्यवस्थित करने से, संग की संभाल करने से, दिन में बीच-बीच में कई बार अटैंशन देकर स्वयं की चैकिंग करने से, विकारों से स्वयं को बचाकर रखने से, सर्वप्रति शुभ भावना रखने से, अधिक से अधिक स्वयं को व्यस्त रखने से, बुरा न देखने, न सुनने, न बोलने और न पढ़ने से, दुनिया के बाहरी वातावरण को देखते हुए भी न देखने से व्यर्थ चिंतन से हम खुद को बचा सकते हैं।

यह कोई कठिन साधना नहीं है, यह केवल एक सजग जीवनशैली है जिसे हम अपनी दिनचर्या में सहजता से उतार सकते हैं।

कहा जाता है कि आत्मा के कमजोर होने के दो मुख्य कारण हैं, एक ज्यादा बोलने से, दूसरा ज्यादा सोचने से। दोनों ही स्थितियों में ऊर्जा का अपव्यय होता है और आत्मा अपनी मूल शक्ति से दूर होती चली जाती है।

अत: हमें अपनी वाणी का उपयोग आवश्यकता अनुसार एवं प्रसंग देखकर ही करना चाहिए और इसके साथ-साथ हमें व्यर्थ चिंतन को संपूर्णत: समाप्त करने के लिए शुभ संकल्पों की गति को बहुत तेज करना चाहिए।

याद रखें! हमारा मन वह सेतु है जो आत्मा को या तो परमात्मा से जोड़ देता है या विकारों से। और यह चुनाव प्रति क्षण हमारे अपने हाथ में है, कोई बाहरी शक्ति इसे हमसे नहीं छीन सकती।

तो, यदि हम मन के विचारों पर अटैंशन देकर इन्हें शुभ व समर्थ बना दें तो सहज ही व्यर्थ से मुक्ति हो जाएगी। हम यह न सोचें कि मुझे व्यर्थ को समाप्त करना है बल्कि यह सोचें कि मुझे सदा शुभ व श्रेष्ठ विचार मन में लाने हैं क्योंकि शुभ व श्रेष्ठ विचारों की शक्ति से व्यर्थ अपने आप ही समाप्त हो जाता है।

हमारा संकल्प ही वाणी और कर्म का बीज होता है इसीलिए जब हम संकल्पों को श्रेष्ठ व शक्तिशाली बना लेंगे तो हमारे बोल व कर्म भी अपने आप श्रेष्ठ बन जाएंगे। **—राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी**

गीता आचरण-226

## गुण और 'श्रद्धा'

**विज्ञान** की शिक्षा एक विद्यार्थी की अज्ञानता को मिटाकर भौतिक दुनिया के बारे में जागरूकता पैदा करती है। उदाहरण के लिए, नीचे की ओर छेद वाले एक जलाशय (टंकी) के खाली होने में लगने वाले समय की गणना विद्यार्थी के स्तर के अनुसार भिन्न हो सकती है।

सातवीं कक्षा के विद्यार्थी को टंकी के कुल आयतन को छेद की निकासी क्षमता (क्षेत्रफल) से विभाजित करना सिखाया जाता है जबकि बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी से हल निकालने के लिए गुरुत्वाकर्षण को ध्यान में रखते हुए कैलकुलस (कलन शास्त्र) का उपयोग करने के लिए कहा जाता है।

स्वाभाविक रूप से, दोनों के उत्तर भिन्न होंगे और यह पूर्णत: स्वीकार्य है, क्योंकि सातवीं कक्षा के विद्यार्थी से जटिल कैलकुलस समीकरण हल करने की अपेक्षा नहीं की जाती।

इसी प्रकार की परिस्थितियां आध्यात्मिक मार्ग पर भी उत्पन्न होती हैं, जहां उपदेश साधक के ज्ञान के स्तर के अनुसार भिन्न-भिन्न रूप में दिए जाते हैं। भगवद्गीता ऐसी सभी स्थितियों को संभालती है जैसे कोई पाठ्यपुस्तक प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक ज्ञान प्रदान करती है।

सोलहवें और सत्रहवें अध्याय में विषयों को समझाने के लिए श्रीकृष्ण स्वयं एक प्रारंभिक के स्तर पर आते हैं। दैवी और आसुरी प्रकृति की व्याख्या करने के बाद, वे मार्गदर्शन के लिए शास्त्रों का उपयोग करने का सुझाव देते हैं। यह सलाह आसुरी प्रकृति वालों के लिए है जो ज्ञान के सबसे निचले स्तर पर हैं।



इसी तरह, वे अज्ञानियों के लिए गुणों (प्रकृति जनित स्वभाव) पर आधारित विभिन्न व्यवहारों की व्याख्या से सत्रहवें अध्याय की शुरुआत करते हैं। इसके विपरीत, उन्होंने 'जागरूक' लोगों को गुणातीत अवस्था अर्थात इच्छारहित स्थिति प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया था।

श्रद्धा के संदर्भ में, श्रीकृष्ण कहते हैं, ''सात्विक लोग देवताओं की पूजा करते हैं; राजसिक लोग यक्षों और राक्षसों की पूजा करते हैं और तामसिक लोग भूत-प्रेतों की पूजा करते हैं(17.4)। ये इच्छाओं की पूर्ति के साधन हैं।

श्रीकृष्ण आगे सावधान करते हुए कहते हैं, ''जो लोग शास्त्रविधि से रहित भयावह तपस्या करते हैं, उन्हें आसुरी प्रकृति का जानो। वे पाखंडी, अहंकारी (कर्तापन के अभिमान वाले); काम, आसक्ति और बल के उन्माद से ग्रस्त होकर अविवेकपूर्वक शरीर के तत्वों को यातना देते हैं और साथ ही मुझको भी अपमानित करते हैं।'' (17.5 और 17.6)।

**—के. शिव प्रसाद,**
पूर्व आई.ए.एस. पंजाब सरकार



## कड़वे प्रवचन... लेकिन सच्चे बोल



मुनि श्री तरुण सागर जी

### 1 मां-बाप की जरूरत

**पति-पत्नी** शहर में रहते थे। दोनों नौकरी करते थे। उनके संतान पैदा हुई। अब समस्या यह थी कि उसे संभाले कौन?

पत्नी बोली : एक आया रख लेते हैं। पति बोला : भरोसेमंद नौकर ठीक रहेगा।

अंतत: तय हुआ कि गांव से मां-बाप को शहर बुला लिया जाए।

हमें मां-बाप की जरूरत नहीं है, बल्कि अपनी जरूरतों की वजह से मां-बाप की जरूरत है।

उन्हें अपनी जरूरत न बनाएं, मां-बाप की जरूरत बनिए।

### 2 श्मशान के आगे

**रात** जब आप सबसे 'गुड नाइट' कर लो और सिर तकिए पर आ जाए तो मुनि तरुण सागर के 'कड़वे प्रवचन' का एक वक्तव्य दोहरा लेना कि तुम्हारे 'पास' क्या है, यह महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि तुम्हारे 'साथ' क्या है, यह महत्वपूर्ण है।

पास के मायने वह जो श्मशान तक जाए और साथ के मायने वह जो श्मशान के आगे भी साथ जाए।

### 3 असम्भव कुछ नहीं

**अंग्रेजी** का एक शब्द है Can't जिसका अर्थ है कि मैं नहीं कर सकता। मतलब हारने से पहले ही हार मान लेना।

आम लोगों की भी कुछ ऐसी ही धारणा है। मेरा मानना है कि Can't शब्द में से t शब्द हटाने पर बचता है Can जिसका अर्थ है मैं कर सकता हूं। नामुमकिन कुछ भी नहीं है।

दूरी तभी तक है जब तक कि आपने चलना शुरू नहीं किया और रात तभी तक है जब तक कि आप सोए हुए हैं।

## त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रेरक उदाहरण 'गुरुजी' सदाशिवराव गोलवलकर

पुण्यतिथि 5 जून

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर, जिन्हें देशभर में श्रद्धापूर्वक 'गुरुजी' के नाम से जाना जाता है, उन व्यक्तित्वों में से थे जिन्होंने अपने संगठनात्मक कौशल, वैचारिक स्पष्टता और अथक परिश्रम से संघ को व्यापक विस्तार प्रदान किया। वर्ष 1940 में उन्होंने संघ का नेतृत्व संभाला और अगले 33 वर्षों तक संगठन को नई दिशा दी।



गुरुजी का जन्म 19 फरवरी, 1906 को नागपुर में सदाशिवराव एवं लक्ष्मीबाई के घर हुआ। परिवार में उन्हें स्नेहपूर्वक 'मधु' कहा जाता था। बचपन से ही वह मेधावी, अध्ययनशील और असाधारण स्मरणशक्ति वाले विद्यार्थी थे। व्यायाम, संगीत और साहित्य में उनकी विशेष रुचि थी तथा बांसुरी और सितार वादन में भी निपुण थे। उच्च शिक्षा के लिए वह बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय गए, जहां उन्होंने विज्ञान विषय में अध्ययन किया।

एम.एससी. पूर्ण करने के बाद वह वहीं अध्यापन कार्य से जुड़ गए। अपनी विद्वता, सरलता और प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण वह छात्रों में अत्यंत लोकप्रिय हुए। छात्र उन्हें सम्मानपूर्वक 'गुरुजी' कहकर संबोधित करने लगे और यही नाम आगे चलकर उनकी पहचान बन गया। काशी में ही उनकी भेंट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार से हुई।

यह सम्पर्क शीघ्र ही गहरे वैचारिक संबंध में बदल गया और गुरुजी ने स्वयं को संघ कार्य के लिए समर्पित कर दिया। उनकी क्षमता देखते हुए डॉ. हेडगेवार ने उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे और 1940 में अपने निधन से पूर्व संघ का नेतृत्व उनके हाथों में सौंप दिया।

गुरुजी के नेतृत्व काल में संघ का तीव्र विस्तार हुआ। उन्होंने देशभर का व्यापक प्रवास कर संगठन, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना के निर्माण पर बल दिया।

1947 के विभाजन के समय संघ के स्वयंसेवकों ने राहत और पुनर्वास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

महात्मा गांधी की हत्या के बाद 1948 में संघ पर प्रतिबंध लगाया गया और गुरुजी को गिरफ्तार किया गया। जुलाई 1949 में प्रतिबंध हटने के बाद उन्होंने पुन: संगठन को सशक्त बनाने का कार्य आरंभ किया।

स्वतंत्रता के बाद उनके मार्गदर्शन में शिक्षा, सेवा, श्रमिक, छात्र और सामाजिक क्षेत्रों में अनेक संगठनों का विकास हुआ। 1962 के भारत-चीन युद्ध तथा 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों के दौरान स्वयंसेवकों की सेवा भावना को व्यापक सराहना मिली।

लगातार प्रवास और परिश्रम के कारण उनका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ, किंतु संघ कार्य के प्रति निष्ठा अंत तक बनी रही। 5 जून, 1973 को उनका निधन हो गया। गुरुजी का जीवन त्याग, अनुशासन, संगठन और राष्ट्रसेवा का प्रेरक उदाहरण है, जो आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करता है। **—सुरेश कुमार गोयल,** बटाला

'प्रतीक सागर महाराज' का विशेष संदेश

# नशा अभिशाप, वैस्टर्न कल्चर से खतरे में भारतीय संस्कृति

**जीवन** में महात्माओं का सान्निध्य होना बहुत जरूरी होता है। शून्य से जो प्रगति की ओर ले जाए उसमें संत और महात्माओं का एक अहम योगदान होता है।

क्रांतिवीर मुनि प्रतीक सागर महाराज ने एक विशेष बातचीत के दौरान कई महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला। पेश हैं उसी बातचीत के कुछ अंश :

**युवा पीढ़ी पर सोशल मीडिया के किस तरह के प्रभाव पड़ रहे हैं?**

*-आज की पीढ़ी को वैचारिक क्रांति के सूत्रपात की जरूरत है, जिससे उनके विचारों में परिवर्तन लाया जा सके। युवाओं पर सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा प्रभाव है। आज के युवाओं को नैतिकता से जोड़ने की जरूरत है। जो व्यक्ति नैतिकता से जुड़ जाता है, वह परिवार, समाज और देश के प्रति जिम्मेदार हो जाता है।*



*मुनि प्रतीक सागर महाराज*

**आज के माहौल में चरित्रवान मनुष्य बनने के लिए क्या करना पड़ेगा?**

*-अच्छा चरित्रवान मनुष्य बनने के लिए अच्छी सोच की जरूरत है। जो अच्छा सुनता है वह अच्छा सोचता है और जो अच्छा सोचता है वह अच्छा बोलता है और जो अच्छा बोलता है वह अच्छा करता भी है। सबसे पहले युवाओं को अच्छा सुनने के लिए प्रेरित करना पड़ेगा।*

**वस्त्र मर्यादा हैं तो उनका त्याग क्यों?**

*-वस्त्रों की जरूरत उन्हें होती है जिनके मन में विकार होता है। आज जैन परम्परा में दिगंबर जैन मुनि वस्त्र नहीं पहनते क्योंकि उनके मन में किसी भी तरह की कोई भी वासना नहीं है।*

*जब व्यक्ति सृष्टि में आता है तो वह नग्न होकर के आता है और जब जाता है, तब भी नग्न होता है। आज दिगंबर जैन मुनि बनने के लिए पांचों इंद्रियों को अपने वश में करना होता है। वही इस दिगंबर मुद्रा को धारण करता है।*

**युवाओं में वैस्टर्न कल्चर के प्रति ज्यादा झुकाव देखने को क्यों मिल रहा है?**

*-देखिए पाश्चात्य संस्कृति से घर के आदर्शों के द्वारा ही दूरी बनाई जा सकती है। आजकल खान-पान अशुद्ध है और जिसका खान-पान अशुद्ध होता है उसकी सब चीजें अशुद्ध हो जाती हैं। नशा अभिशाप है। इसीलिए आजकल आहार शुद्धिकरण की जरूरत है। जो अध्यात्म की तरफ जाना चाहता है, उसे सबसे पहले अपने जीवन को साधारण बनाना पड़ेगा।* **-सौरव गुप्ता**

## अनमोल वचन

✱ संसार में बड़े कार्य वही कर सकते हैं जो निराशा के क्षणों में भी प्रसन्नता का दीपक जला कर रखते हैं। -डैल कारनेगी

✱ ध्यान रहे कि जीवन भर एक भी धब्बा न लगे। साहसी बनो सबसे, प्रेम भाव बनाकर रखोगे तो जीवन भर सुखी रहोगे। -महात्मा गांधी

✱ जो दूसरों के लिए प्रयत्नशील हैं, उन्हें ही सच्चे आनंद का स्वाद चखने को मिलता है।-भगवान महावीर

✱ गर्व से ज्ञान नष्ट होता है, खुशामद से बुद्धि का नाश होता है, स्वार्थ प्रतिष्ठा का नाश करता है। -भगवान महावीर

✱ संसार में आए हो तो कोई नेक काम करो, अपने नाम का ही ढोल हर समय नहीं पीटते रहो। -स्वामी विवेकानंद

✱ अपने अंदर की शांति यदि मिल जाए तो सारा विश्व शांतमय प्रतीत होता है। -योग वशिष्ठ

✱ परमात्मा न प्रवचन सुनने से मिलता है न बुद्धि के गर्भ से, न वेद पढ़ने से। जिसे वह वरण करता है उसे प्राप्त होता है। तभी अजामिल, गणिका, शबरी पर परमात्मा की कृपा हुई।

✱ यज्ञ-दान-तप तीनों कर्म मनुष्य को पवित्र करते हैं। आदमी थोड़ा-सा भी दान कर ले, सेवा कर ले तो उसे अहंकार आ जाता है। इससे बचो। -संत सुभाष शास्त्री

**प्रस्तुति : अमरनाथ भल्ला,** लुधियाना

# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW